तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 10.8 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शुक्रवार 16 जनवरी 2026

भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर

**सिस्टम का फेलियर**

# कार्रवाई का ढोल पीटता रहा प्रशासन, इधर ठेका श्रमिक का चाइनीज मांझे से कटा गला

*आखिरकार जिस बात का डर था, वही हो गया। प्रतिबंध के बावजूद शहर में खुलेआम बिक रहे नायलॉन चाइनीज मांझे ने एक और व्यक्ति की जान खतरे में डाल दिया। मकर संक्रांति के दिन चाइनीज मांझे की चपेट में आकर एक ठेका श्रमिक गंभीर रूप से घायल हो गया। यह कोई पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी दुर्ग जिले में नायलॉन के चाइनीज मांझे के कारण कई हादसे हो चुके हैं।*

### जिसका डर था वही हुआ, चाइनीज मांझे की चपेट में आया ठेका श्रमिक, गंभीर रूप से घायल





हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

जिले में इस खतरनाक मांझे से पहली मौत चरोदा निवासी एक युवक की हो चुकी है। इसके बावजूद अवैध बिक्री और इस्तेमाल पर पूरी तरह रोक नहीं लग पाई है। ताजा मामला चांदनी चौक कोहका निवासी असलम (42 वर्ष) का है, जो भिलाई इस्पात संयंत्र में ठेका श्रमिक के रूप में कार्यरत है। 14 जनवरी की शाम करीब 5 बजे असलम साइकिल से कार्य स्थल से अपने घर लौट रहा था। फोरलेन सड़क पर अधिक ट्रैफिक होने के कारण वह नंदिनी रोड होकर कोहका की ओर जा रहा था। इसी दौरान उड़ रही पतंग का चाइनीज मांझा अचानक उसके गले में उलझ गया। मांझे की धार इतनी तेज थी कि असलम के गले में गंभीर चोट लग गई। मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल उसे नजदीकी क्लिनिक पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे बड़े अस्पताल में इलाज कराने की सलाह दी। गौरतलब है कि मकर संक्रांति से ठीक एक दिन पहले नगर निगम की टीम ने चाइनीज मांझा बेचने वालों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की थी। इसके बावजूद त्योहार के दिन हुए इस हादसे ने साफ कर दिया कि कार्रवाई नाकाफी है। लगातार हो रहे हादसे प्रशासन की सतर्कता और प्रतिबंध के प्रभावी क्रियान्वयन पर गंभीर सवाल खड़े कर रहे हैं।

### छत्तीसगढ़ में चाइनीज मांझा पूरी तरह प्रतिबंधित, उल्लंघन पर 5 साल जेल और एक लाख जुर्माना

छत्तीसगढ़ सरकार ने करीब 7-8 साल पहले चाइनीज मांझे की खरीद और बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगाते हुए आदेश के उल्लंघन करने पर कड़ी सजा का प्रावधान किया था। नियम तोड़ने वालों को 5 साल तक की जेल, एक लाख रुपये तक का जुर्माना या फिर दोनों सजा हो सकती है। छत्तीसगढ़ के आवास एवं पर्यावरण विभाग ने चीनी धागों की खरीद और बिक्री को दंडनीय अपराध घोषित करते हुए इसकी अधिसूचना राजपत्र में प्रकाशित की थी। इसके बाद राज्य सरकार ने पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 की धाराओं का उपयोग करते हुए चाइनीज मांझे की खरीद, बिक्री, उत्पादन, भंडारण, आपूर्ति और उपयोग पर पूरी तरह रोक लगाने का आदेश जारी किया। इसके बावजूद लगातार हो रही घटनाओं ने एक बार फिर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### दुर्ग जिले में अब तक हुई मौत और हादसों के बारे में भी जानिए

**केस 1**

#### पांच साल के बच्चे की मांझे से कटी थी सांस की नली

जनवरी 2023 में महावीर कॉलोनी दुर्ग निवासी 5 साल का बच्चा अपने पिता विकास जैन के साथ बाजार जा रहा था। इस दौरान पतंग का चाइनीस मांजा स्कूटी पर पीछे बैठे बच्चे के गले में फंस गया। इससे उसकी सांस की नली व दिमाग से हार्ट तक खून पहुंचाने वाली जुगलर वैन कट गई। उसे नेहरू नगर के पल्स हॉस्पिटल ले जाया गया। डॉक्टरों ने वेंटिलेटर से बच्चे को सांस देने का इंतजाम किया। डॉक्टरों की टीम ने सर्जरी कर नली व वेन को जोड़ा। 3 दिन तक इलाज चलने के बाद बच्चे को अस्पताल से छुट्टी दे दी।

**केस 2**

#### रामेश्वर का कट गया था गला, दो दिन आईसीयू में रहा

25 दिसंबर 2024 को कोहका हाउसिंग बोर्ड भिलाई निवासी रामेश्वर बेले (36 वर्ष) का गला नायलॉन चाइनीज मांझा से कट गया था। दो दिन अस्पताल के आईसीयू में रहे। रामेश्वर बाइक पर अपनी पत्नी नीतू बेले के साथ सेक्टर-7 से अपने घर कोहका हाउसिंगबोर्ड जा रहे थे। सुपेला लक्ष्मी मार्केट के पास नायलॉन के चाइनीज मांझा के चपेट में आ गए। इससे उनका गला कट गया। खून निकलता देख पत्नी ने इसकी सूचना अपने परिजनों दी और घायल पति को रामनगर स्थित स्पर्श अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां वे दो दिन आईसीयू में रहे।

**केस 3**

#### जनवरी 2024 में चरोदा निवासी अज्जू की गई जान

जनवरी 2024 को चरोदा में चाइनीज मांझे से जी केबिन निवासी अज्जू (18 वर्ष) की गला कटने से मौत हो गई। वो सोमवार को किसी काम से निकला था। देवबलौदा जाने वाली रोड पर अचानक से पतंग का मांझा बाइक चला रहे अज्जू के गले में फंसा और उसका गला कट गया। इसके बाद अज्जू और बिहान बाइक सहित सड़क पर जा गिरे। दोनों को लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल ले जाया गया। चाइनीज मांझा से यह छत्तीसगढ़ की पहली मौत बताया जाता है।

**केस 4**

#### हादसे में बाल-बाल बची बाइक सवार युवक की आंख

14 जनवरी 2025 को फरीद नगर भिलाई निवासी 28 वर्षीय फिरोज खान बाइक पर ओवरब्रिज से पावर हाउस की ओर जा रहे थे। इसी दौरान ऊपर से कटकर आई एक पतंग का चाइनीज मांझा अचानक उनके चेहरे से टकरा गया। फिरोज गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल, सुपेला ले जाया गया। फिरोज खान की आंख और नाक के ऊपर गंभीर कट लगे हैं, जहां कई टांके लगाए गए। राहत की बात यह रही कि उनकी आंख बाल-बाल बच गई।

**हो रही है कार्रवाई**

मकर संक्रांति पर्व के पहले नगर निगम और पुलिस प्रशासन ने संयुक्त रूप से अभियान चालाया था। इस दौरान कोई भी दुकान में चाइनीज मांझा बेचते नहीं मिला। इस पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। चाइनीज मांझा बेचते पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। -**जावेद अली**, स्वास्थ्य अधिकारी, नगर निगम भिलाई

**शराब पीने के लिए कर रहा था जबरदस्ती हुई मारपीट, गोली चलने की अफवाह**

# महादेव सट्टा के आरोपी सिपाही ने की टीआई से हुज्जतबाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

दुर्ग जिले में एक निरीक्षक और बर्खास्त हुए सिपाही के बीच मारपीट और गोली चलने का मामला सामने आया है। हालांकि गोली चलने की अभी तक पुष्टि नहीं हुई। एएसपी ग्रामीण एमएस चंद्रा मामले की जांच कर रहे हैं। सूत्रों के अनुसार निरीक्षक तापेश नेताम बीती रात करीब एक बजे अपनी गाड़ी से हरिनगर से सिंधिया नगर दुर्ग की ओर जा रहे थे। उन्होंने गाड़ी रोकी और डिग्गी से अपना सामान निकालने लगे। इसी दौरान वहां महादेव सट्टा का आरोपी और बर्खास्त आरोपी सहदेव शराब पी रहा था। उसने निरीक्षक तापेश को देखा तो उनके पास पहुंच गया। दोनों के बीच अच्छी बात हुई, फिर सहदेव टीआई से बियर पीने की जिद करने लगा। तापेश ने मना किया, लेकिन जब सहदेव नहीं माना तो गुस्से में आकर उन्होंने बियर की बॉटल को फेंक दिया। इससे सहदेव झगड़ा करने लगा तो तापेश ने उसे थप्पड़ जड़ दिया। ऐसा कहा जा रहा है कि दोनों के बीच हाथापाई भी हुई। इस घटना के बाद निरीक्षक तापेश द्वारा गोली चलाने की बात शहर में आग की तरह फैल गई। सूत्रों की माने तो गोली चलने की बात महज अफवाह है।

**की जा रही है जांच**

सोशल मीडिया पर गोली चलने की बात सामने आने पर जांच बैठा दी गई है। जांच अधिकारी जो भी रिपोर्ट आएगी उसके मुताबिक कार्रवाई की जाएगी।
-**विजय अग्रवाल**, एसएसपी दुर्ग

### तापेश ने कहा वो साथ लेकर नहीं चलते रिवाल्वर

निरीक्षक तापेश नेताम का कहना है कि जब थाने के प्रभार में थे, तभी ड्यूटी के दौरान सर्विस रिवाल्वर काफी कम लेकर चलते थे। बीती रात वो अपने घर जा रहे थे। उनके पास कोई रिवाल्वर नहीं था। उन्होंने बदतमीजी करने पर सिपाही को झापड़ मारा, लेकिन गोली चलाने वाली बात पूरी तरह से अफवाह है। जांच में सारी चीजें सामने आ जाएंगी।

सस्ता सस्ता सस्ता
न्यु ओम ज्वेलर्स
शादी ब्याह में दुल्हनों के लिए एक से एक सुंदर वेरायटी के गहने उपलब्ध
जितने ग्राम सोना लेने पर उतने ही ग्राम की चांदी बिल्कुल फ्री


916 (22K), 833 (20K), 75 (18K) हॉलमार्क के गहने
अब बिल्कुल सस्ते दामों पर उपलब्ध
आज ही पधारें
सर्टिफाइड राशि रत्न उपलब्ध है
★ 100% गारंटी सोना, चांदी, हीरा
★ टोटल हाल मार्क जेवर
★ स्पेशल पर्स, बैग फ्री
★ रिपेयरिंग फ्री
शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग

**खबर संक्षेप**

### ज्वेलर्स दुकान में चोरी का प्रयास, दो गिरफ्तार

**भिलाई।** जामुल थाना पुलिस ने ज्वेलर्स दुकान में चोरी का प्रयास करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी संजय ठाकुर व आशीष वर्मा के खिलाफ धारा 331 (4), 305, 62 बीएनएस की कार्रवाई कर न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया है। आरोपियों से सब्बल और लोहे की रॉड जब्त की गई है। पुलिस के अनुसार प्रार्थी गोपाल चौरसिया निवासी हाउसिंग बोर्ड ने थाना जामुल में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि कैलाश नगर मोहनी मंगल के बगल में उनका चौरसिया ज्वेलर्स के नाम से दुकान है। 14 जनवरी को पड़ोसियों ने फोनकर बताया कि दुकान से अवाजे आ रही है। पुलिस की गाड़ी को आता देख संदेही भागने का प्रयास करने लगे। संदेही संजय ठाकुर पिता स्व. खेमू ठाकुर उम्र 24 साल निवासी खैरा थाना साजा जिला बेमेतरा और आशीष वर्मा पिता सियाराम वर्मा उम्र 28 साल निवासी ग्राम सण्डी थाना गंडई केसीजी से पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किया।

# क्षमता से अधिक वाहनों में धान की लोडिंग, राइस मिल श्याम एग्रो फूड और सतगुरु ट्रेडिंग सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में धान उपार्जन का कार्य 31 जनवरी तक किया जाना है। कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देश पर धान खरीदी व्यवस्था की निगरानी, पर्यवेक्षण एवं धान के पुर्नचक्रण पर नियंत्रण के लिए श्याम एग्रो फूड प्रोडक्ट ग्राम गाड़ाडीह पाटन और सतगुरू ट्रेडिंग कंपनी उतई की जांच की गई।

- राजस्व और खाद्य विभाग की संयुक्त जांच के बाद कलेक्टर ने जारी किया आदेश

मिली जानकारी के अनुसार कंट्रोल एण्ड कमांड सेंटर से प्राप्त अलर्ट अनुसार श्याम एग्रो फूड प्रोडक्ट तथा सतगुरू ट्रेडिंग कंपनी को जारी 180 क्विंटल के डीओ के आधार पर उपार्जन केन्द्र द्वारा उपरोक्त मात्रा के धान का परिदान किया गया। इस संबंध में आरटीओ से प्राप्त जानकारी अनुसार जिन वाहनों में धान का उठाव किया गया था, उनकी क्षमता 80 क्विंटल थी। इस प्रकार वाहन की क्षमता से अधिक धान परिवहन किये जाने के संबंध में राइस मिलों की जांच में वाहन की क्षमता से अधिक धान का परिवहन किया जाना पाया गया। इसके अतिरिक्त सतगुरू ट्रेडिंग कंपनी की जांच में धान निर्धारित मात्रा से 1210 क्विंटल कम तथा चावल 410 क्विंटल अधिक पाया गया। इसी प्रकार श्याम एग्रो फूड प्रोडक्ट की जांच में 379 क्विंटल धान निर्धारित मात्रा से कम प्राप्त हुआ। इस प्रकार छत्तीसगढ़ चावल उपार्जन आदेश 2016 के तहत अनियमितता पाये जाने पर आवश्यक वस्तु अधिनियम-1955 के अंतर्गत राईस मिल के विरूद्ध प्रकरण पंजीबद्ध करते हुए मिल सील करने की कार्रवाई की गई।

शोक संदेश

अश्रुपूरित श्रदांजलि
माँ की दुआओं में इतना असर होता है, कि हर मुश्किल रास्ता भी आसान होता है।
माँ के आँचल में जन्नत का एहसास होता है, उसके बिना हर सुख अधूरा सा होता है।
विधि के विधान के आगे नतमस्तक होकर सूचित करना पड़ रहा है कि हमारी पूज्यनीय माताजी **श्रीमती कृष्णादेवी दुबे जी** धर्मपत्नी सतलोकवासी श्री रामविशाल दुबे जी का आकस्मिक देहावसान माघ कृष्ण पक्ष चतुर्थी दिनांक 06.01.2026, मंगलवार को हो गया है, जिनका कार्यक्रम निम्नानुसार है :
तेरहवीं एवं शांतिभोज
दिनांक : 17 जनवरी 2026 (शनिवार), समय : अपरान्ह 12 बजे से
स्थान : दुबे निवास, पुलगांव, वार्ड 55, दुर्ग (छ.ग.)
उक्त कार्यक्रम में उपस्थित होकर दिवंगत आत्मा को चिर शांति प्रदान करें।
शोकाकुल परिवार
नीतिश दुबे (सुपौत्र), ऋषभ दुबे
नीरज दुबे, प्रांजल दुबे, अव्दैत दुबे, अनुराग शर्मा
एवं समस्त दुबे परिवारजन, मो. 7000680414
शोक संतप्त
मनोज दुबे (सुपुत्र)
लक्ष्मीकांत दुबे (सुपुत्र)
मयंत दुबे (सुपौत्र), रजत दुबे,
टीप - जिन प्रियजनों एवं साथियों को शोक पत्र नहीं मिल पाया हो वह इसे ही आमंत्रण स्वीकार करें।

**डीईओ के औचक निरीक्षण में खुलासा**

# कमजोर रिजल्ट के बाद भी समय पर नहीं पहुंच रहे व्याख्याता

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

अर्द्धवार्षिक परीक्षा में कमजोर रिजल्ट देने के बाद विभागीय निर्देशों का कितना बेहतर पालन हो रहा है इसका मैदानी स्तर पर हकीकत जानने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा गुरुवार को औचक निरीक्षण पर निकले। तीन स्कूलों में जब दबिश दी तो वहां व्याख्याताओं की लापरवाही उजागर हुई है। एक स्कूल में तो चार व्याख्याता शाला समय पर नहीं मिले। एक कमरे में ताला लटका पाया। एक स्कूल में तो शिक्षिका बच्चों को पढ़ाना छोड़कर अपने मोबाइल से बतियाती मिली।

**इन स्कूलों का रिजल्ट है कमजोर :** बारहवीं में सबसे कमजोर रिजल्ट वाले स्कूलों में उमावि देवादा, पुरई, धनोरा, रसमड़ा, भिलाई तीन व तेलीगुंडरा शामिल हैं। दसवीं में सबसे कमजोर रिजल्ट वाले स्कूलों में हाई स्कूल देवादा, तुमाकला, केसरा, धनोरा, पुरई, मतवारी और केप वन भिलाई शामिल हैं।



### सेजस देवादा में शाला समय पर नहीं मिले ये व्याख्याता

जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा दुर्ग एवं पाटन विकास खण्ड के 50 प्रतिशत से कम परीक्षा परिणामफल वाले विभिन्न शालाओं का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दौरान सेजेस देवादा पाटन में पदस्थ व्याख्याता एल.बी. गण एस. विश्वास, खुशबु सिंह, स्मृति कुशवाहा, तनुजा चन्द्राकर विलम्ब से शाला पहुंचे। सुबह 10.30 बजे तक एक कक्ष में ताला लगा पाया गया। इस लापरवाही के लिए संबंधित संस्था प्राचार्य को कार्य प्रति लापरवाही माना जाकर नोटिस जारी किया गया है।

### गोंडपेंड्री स्कूल में मोबाइल चलाती मिली शिक्षिका

जिला शिक्षा अधिकारी मिश्रा शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला गोंडपेन्ड्री में औचक निरीक्षण किया। क निरीक्षण दौरान ममता चन्द्रवंशी शिक्षक कक्षा में मोबाईल से बात करते पाई गई। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तर्रा के निरीक्षण दौरान जयश्री ठाकुर व्याख्याता का आनलाईन अवकाश नहीं पाया गया।

**लापरवाही पर नोटिस जारी**

तिमाही और अर्द्धवार्षिक परीक्षा में कमजोर रिजल्ट वाले स्कूलों को कार्ययोजना दी है। इस कार्ययोजना को अमल में लाया जा रहा है या नहीं इसलिए हमने आकस्मिक निरीक्षण शुरू किया है। जो शिक्षक या व्याख्याता लापरवाही दिखा रहे हैं उन्हे नोटिस जारी किया गया है।
-**अरविंद कुमार मिश्रा**, डीईओ दुर्ग

### 13 हाई व हायर सेकंडरी स्कूलों का रिजल्ट रहा है कमजोर

जिला शिक्षा विभाग द्वारा 10वीं और 12वीं बोर्ड विद्यार्थियों की अर्द्धवार्षिक परीक्षा ली गई। परीक्षा परिणाम की जब समीक्षा की गई तो 50% से कम रिजल्ट वाले 13 हाई व हायर सेकंडरी स्कूल मिले। इन स्कूलों में विद्यार्थियों का रिजल्ट सुधार के लिए जिला शिक्षा विभाग ने डीपीआई उप संचालक आशुतोष चावरे के निर्देश पर कार्ययोजना बनाई है। इस कार्ययोजना को पालन करवाने के लिए संस्था प्रमुखों को निर्देश दिए हैं। इसी निर्देश का मैदानी स्तर पर कितना पालन हो रहा है इसकी जानकारी लेने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी दौरा कर रहे हैं।

# सामाजिक बहिष्कार के मामले में नहीं पहुंचा आरोपी पक्ष, अब महिला थाना पुलिस करेगी जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक की अध्यक्षता में आज प्रेरणा सभा कक्ष, बालगृह परिसर पांच बिल्डिंग, महिला एवं बाल विकास कार्यालय दुर्ग में महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों पर जनसुनवाई आयोजित की गई। इस अवसर पर आयोग की सदस्य श्रीमती ओजस्वी मंडावी एवं सह-प्रभारी श्रीमती लक्ष्मी वर्मा उपस्थित रहीं। यह जनसुनवाई प्रदेश स्तर पर आयोग की 358वीं तथा दुर्ग जिले की 13वीं जनसुनवाई थी, जिसमें कुल 35 प्रकरणों पर सुनवाई की गई। सामाजिक बहिष्कार के एक मामले में अनावेदक यानी आरोपी पक्ष नहीं पहुंचा, इस वजह से सुनवाई नहीं हो सकी। महिला आयोग की अध्यक्ष किरणमयी नायक ने इस मामले में महिला थाना पुलिस को जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का आदेश दिया।

सुनवाई के दौरान एक प्रकरण में आवेदिका द्वारा अपने पिता के विरुद्ध चल रहे प्रकरण से बचाव हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया था। सुनवाई में यह तथ्य सामने आया कि संबंधित प्रकरण में न्यायालय द्वारा सजा दी जा चुकी है, जिससे प्रकरण न्यायालय में लंबित होने के कारण आयोग द्वारा नस्तीबद्ध किया गया। एक अन्य प्रकरण में उभय पक्षों द्वारा यह बताया गया कि मामला न्यायालय में विचाराधीन है, अतः प्रकरण नस्तीबद्ध किया गया।

भाई-बहन के बीच पुश्तैनी संपत्ति से संबंधित विवाद में दोनों पक्षों ने आपसी सहमति से समाधान पर सहमति व्यक्त की। इंदिरा मार्केट स्थित लगभग 1000 वर्गफीट भूमि के तीनों हिस्सेदारों ने संपत्ति के विभाजन अथवा विक्रय के विकल्पों पर सहमति जताई, जिसके आधार पर प्रकरण नस्तीबद्ध किया गया।

## राज्य महिला आयोग ने की जनसुनवाई, कई मामलों का आपसी समझौते से निराकरण

### शा. शिक्षकों के बीच चल रहा विवाद, शिकायत की वापसी पर सुलझा

दो शासकीय शिक्षकों के मध्य पारिवारिक विवाद में आपसी समझौता होने पर सुलहनामा प्रस्तुत किया गया। दोनों पिछले छह माह से साथ रह रहे हैं तथा आवेदिका द्वारा प्रकरण वापस लेने की इच्छा व्यक्त किए जाने पर प्रकरण नस्तीबद्ध किया गया। इसी प्रकार, एक अन्य प्रकरण में पति-पत्नी के बीच समझौता होने की सूचना प्राप्त होने पर भी प्रकरण नस्तीबद्ध किया गया। एक प्रकरण में अनावेदकों की अनुपस्थिति के कारण सामाजिक बहिष्कार से संबंधित मामले की जांच महिला थाना प्रभारी दुर्ग को सौंपी गई। महिला थाना प्रभारी को एक माह के भीतर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। कुछ प्रकरणों में यह पाया गया कि धारा-9, भरण-पोषण एवं तलाक से संबंधित मामले न्यायालय में लंबित हैं, जिसके कारण आयोग द्वारा उन्हें नस्तीबद्ध किया गया।



### कई आवेदनों की सुनवाई अटकी, नहीं पहुंचा अनावेदक पक्ष

कुछ मामलों में अनावेदकों की उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु संबंधित थानों एवं जिला प्रशासन के माध्यम से नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए तथा आगामी सुनवाई फरवरी एवं मार्च 2026 में निर्धारित की गई। एक प्रकरण में आवेदिका द्वारा ओयो होटल के समीप खरीदी गई भूमि पर निर्माण में अवरोध एवं होटल में अवैध गतिविधियों की शिकायत की गई। इस संबंध में महिला थाना प्रभारी को होटल का औचक निरीक्षण कर आवश्यक कानूनी कार्यवाही एवं आवश्यकता पड़ने पर एफआईआर दर्ज कर एक माह के भीतर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। इस प्रकरण की आगामी सुनवाई रायपुर में होगी। कुम्हार समाज की महिलाओं को भूमि आबंटन से संबंधित प्रस्ताव पर आयोग ने स्पष्ट किया कि यह विषय आयोग के कार्यक्षेत्र से बाहर है। आवेदिकाओं को छत्तीसगढ़ माटीकला बोर्ड एवं संबंधित विभागों से संपर्क करने की समझाइश दी गई। जनसुनवाई के दौरान आवेदिकाओं को आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया तथा कई प्रकरणों में आदेश-शीट एवं नोट-शीट की प्रतियां निःशुल्क उपलब्ध कराई गईं।

## खबर संक्षेप



### नया बस स्टैंड लटक रहा दुर्घटना का सामान

दुर्ग। नया बस स्टैंड दुर्ग में छज्जे के ऊपर डेकोरेट किया गया था, जो बारिश के समय गिर गया था। इससे एक स्थानीय फल व्यवसाय दुर्घटना की चपेट में आते-आते बचा। उसके बाद ऊपर में ही एक 20 किलो से ज्यादा वजन का स्लैब एवं 20-25 किलो का एल्युमिनियम शीट अधर में लटका हुआ है। यह कभी भी गिर सकता है। स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि इस संबंध में कई बार अधिकारियों को अवगत कराया गया है। स्लैब और सीट गिरने पर कभी भी जानलेवा दुर्घटना हो सकती है। इसके बाद भी इसे गंभीरता से नहीं लिया गया है।

**अव्यवस्था : सड़क और गलियों में मवेशियों के कारण आवागमन प्रभावित**

# बालाजी नगर में जल संकट के हालात गंदगी और आवारा मवेशी बने मुसीबत

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

वार्ड परिक्रमा

बालाजी नगर खुर्सीपार में पानी की किल्लत से लोग कई सालों से परेशान हैं। कम प्रेशर, गंदा पानी और आवारा मवेशियों की समस्या को लेकर स्थानीय लोगों ने नगर निगम से जल्द समाधान की मांग की। नगर निगम भिलाई के जोन-4 अंतर्गत वार्ड बालाजी नगर खुर्सीपार में पानी की समस्या लगातार बनी हुई है।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि पाइपलाइन में प्रेशर बेहद कम है, जिसके कारण घरों तक पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं पहुंच पा रहा। कई घरों में तो तय समय पर पानी आता ही नहीं, और आता भी है तो कुछ मिनटों में खत्म हो जाता है। लोगों ने यह भी बताया कि सप्लाई होने वाला पानी साफ नहीं रहता। कई बार पानी मटमैला और बदबूदार आता है, जिससे पीने और घरेलू उपयोग में परेशानी बढ़ गई है। मजबूरी में लोग पानी खरीदने या दूर से पानी लाने को मजबूर हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि इस समस्या को लेकर निगम अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को कई बार अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकल पाया है। लोगों ने नगर निगम से मांग की है कि पाइपलाइन प्रेशर की जांच कर नियमित और साफ पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।

## वार्डवासियों की शिकायत पर नहीं दिया जा रहा ध्यान



### आवारा मवेशियों का आतंक

इलाके में आवारा मवेशियों का आतंक भी बढ़ता जा रहा है। सड़क और गलियों में घूमते मवेशियों के कारण आवागमन प्रभावित हो रहा है। बुजुर्गों और बच्चों को खास दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कई बार मवेशियों के कारण दुर्घटनाओं की स्थिति भी बन चुकी है। आवारा मवेशियों पर नियंत्रण के लिए तत्काल कार्रवाई की मांग लोगों ने की है।

### नई टंकी से राहत की उम्मीद



कन्या विद्यालय के पास नई पानी टंकी का निर्माण कार्य चल रहा है। टंकी का काम तेजी से किया जा रहा है और उम्मीद है कि गर्मी शुरू होने से पहले इसका निर्माण पूरा कर लिया जाएगा। यह पानी टंकी तय समय पर बनकर चालू हो जाती है तो वार्ड में पानी की सप्लाई बेहतर होगी और वर्षों से चली आ रही समस्या काफी हद तक दूर हो सकती है।

**-पी श्याम सुंदर राव,** पार्षद, बालाजी नगर, वार्ड 45 खुर्सीपार


अब भारत मेडिकोज, रिसाली पर



डॉ. तान्या दुबे
हेयर व स्किन स्पेशलिस्ट
बाल झड़ना • डैंड्रफ • सनबर्न • टैनिंग • मुंहासे
व अन्य त्वचा समस्याओं के लिए विशेषज्ञ सलाह
उपलब्ध: हर बुधवार व शनिवार शाम 4:00-7:00
अपॉइंटमेंट: 8399-999000
स्थान: भारत मेडिकोज, रिसाली
Deepak Advts.


## घरेलू हिंसा, भरण-पोषण, धोखाधड़ी और विवाह विच्छेद के 5 मामलों का आपसी रजामंदी से हुआ निराकरण




हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

■ मध्यस्थता राष्ट्र के लिए 2.0 अभियान में प्रकरणों की सुनवाई

मध्यस्थता राष्ट्र के लिए 2.0 अभियान के अंतर्गत जिला मध्यस्थता केंद्र ने एक अनूठी उपलब्धि हासिल की है। केंद्र के विशेष प्रयासों और कुशल मध्यस्थों की सूझबूझ से एक ही परिवार से संबंधित वर्षों पुराने और जटिल मुकदमों को राजीनामे के माध्यम से सुलझा लिया गया है। अनिता (पत्नी) और राजेश (पति) काल्पनिक नाम के बीच पिछले कई वर्षों से कानूनी विवाद चल रहा था। दोनों पक्षों के बीच विवाद इतना बढ़ गया था कि न्यायालय में धारा 323, 506, 498 ए, घरेलू हिंसा, भरण-पोषण, धारा 420 धोखाधड़ी तथा विवाह विच्छेद के कुल 5 अलग-अलग मामले लंबित थे।

अभियान के तहत, मध्यस्थता केंद्र दुर्ग ने पाया कि ये सभी मामले एक ही पक्षकारों से संबंधित हैं। इनके कारण न केवल न्यायालय का समय नष्ट हो रहा है, बल्कि दोनों पक्षों का सामाजिक और मानसिक जीवन भी प्रभावित हो रहा है। विशेषज्ञ मध्यस्थों की टीम ने दोनों पक्षों के साथ कई दौर की काउंसलिंग की। चर्चा के दौरान पक्षकारों को कानूनी जटिलताओं के बजाय भविष्य की शांति और आपसी सहमति के महत्व को समझाया गया। मध्यस्थता राष्ट्र के लिए 2.0 की मूल भावना को ध्यान में रखते हुए, दोनों पक्षों को अपनी शिकायतों को भुलाकर एक नई शुरुआत करने के लिए प्रेरित किया गया। अथक प्रयासों के बाद, पति-पत्नी ने आपसी सहमति से अपने सभी 5 प्रकरणों को वापस लेने और राजीनामा करने का निर्णय लिया। दोनों पक्षों ने सौहार्दपूर्ण वातावरण में सुलह पत्र पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते से न केवल उनके बीच के आपराधिक और दीवानी मामले समाप्त हुए, बल्कि समाज में विवाद से विश्वास का एक सकारात्मक संदेश भी गया।

## खम्हरिया के लोगों की विस्थापन के लिए कलेक्टर से गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

■ ज्ञापन सौंपकर समस्या से कराया अवगत



शीतला तालाब खम्हरिया क्षेत्र में स्थित मजदूर बस्ती में रहने वाले लोगों को हटाया जा रहा है। इसे लेकर स्थानीय लोगों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर विस्थापन की मांग की है। शेष यादव ने बताया कि वे लगभग 40-42 वर्षों से निवास करते आ रहे हैं। यह बस्ती भिलाई नगर निगम के वार्ड 1 के अंतर्गत आती है। यहां रहने वाले सभी परिवार अत्यंत गरीब, भूमिहीन तथा दैनिक मजदूरी पर निर्भर हैं। हमारी यह बस्ती केवल ईंट-पत्थर का ढांचा नहीं, बल्कि हमारे जीवन, हमारे संघर्ष और हमारे बच्चों के सपनों की नींव है। इसी पते पर हमारे आधार कार्ड, राशन कार्ड, वोटर आईडी बने हुए हैं। हम वर्षों से सांसद, विधायक और पार्षद के चुनावों में अपने लोकतांत्रिक अधिकार का प्रयोग करते आ रहे हैं। हम इस देश के जिम्मेदार नागरिक हैं। हममें से कोई झाड़ू-पोछा करता है, कोई सिविल कार्य में मजदूरी करता है, तो कोई दिहाड़ी पर काम कर अपने परिवार का पेट पालता है। लगभग 100 घर को हटाने का प्लान सरकार ने कर रखा है। आईआईटी के लिए फोरलेन निर्माण के लिए उनके घरों को उजाड़ा जा रहा है। संयुक्त अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान लोईमू यूनियन के सुरेंद्र मोहंती, मेहनतकश आवास अधिकार संघ के कलादास डेहरिया, शीतला तालाब बस्ती से विजय साहु, डोमन साहू, सुनीता महानंद, रेखराम निषाद, लक्ष्मण निषाद, आशा नेताम, नंदु निषाद, राधे सतनामी, मन्नु सहित अन्य मौजूद थे।

## नए अध्यक्षों को भूपेश की किसानों, मजदूरों, महिलाओं के हितों के लिए लड़ने की नसीहत



दुर्ग। कांग्रेस के नवनिर्वाचित ब्लॉक अध्यक्षों ने गुरुवार को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मुलाकात की। जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर के नेतृत्व में वे भिलाई-तीन पहुंचे। ब्लॉक अध्यक्षों ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने उन पर जो विश्वास जताया है, वे उसे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और मेहनत से निभाएंगे। भूपेश बघेल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी अपने जमीनी कार्यकर्ताओं की मेहनत और संघर्ष के बल पर आगे बढ़ती है। उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूत करने के लिए आपसी समन्वय, अनुशासन और जनसेवा की भावना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से किसानों, मजदूरों, युवाओं, महिलाओं एवं समाज के कमजोर वर्गों के हितों की लड़ाई पूरी मजबूती से लड़ने कहा। इस अवसर पर राजेश ठाकुर, मोहन साहू, शिव कुमार वर्मा, मनहरण यादव, श्रीकांत वर्मा, उमेश साहू, संतोष बाफना, कमलेश साहू, देवेंद्र देशमुख सहित अन्य मौजूद थे।

## संगीत महाविद्यालय में मकर संक्रांति मनाई गई



दुर्ग। नवीन शासकीय संगीत महाविद्यालय में मकर संक्रांति का पर्व उत्साह के साथ मनाया गया। यह आयोजन महाविद्यालय द्वारा भारतीय परंपरा एवं संस्कृति को सहेजने के उद्देश्य से किया गया। कार्यक्रम के दौरान मकर संक्रांति पर्व के महत्व पर प्रकाश डाला गया तथा बताया गया कि यह पर्व सूर्य के मकर राशि में प्रवेश का प्रतीक है, जो जीवन में सकारात्मकता, नई ऊर्जा, समृद्धि एवं सुख-शांति का संदेश देता है।

साथ ही पर्व से जुड़ी पौराणिक कथाओं एवं धार्मिक मान्यताओं की भी विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ ऋचा ठाकुर के मार्गदर्शन में सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। आयोजन की संपूर्ण रूपरेखा एवं सफल संचालन में डॉ निधि वर्मा का योगदान रहा।इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर को आकर्षक रूप से सजाया गया तथा स्पैरो गौरैया संरक्षण विषय पर भी जागरूकता फैलाई गई। इसके अंतर्गत पर्यावरण संतुलन में पक्षियों की भूमिका और उनकी घटती संख्या पर चर्चा की गई।

## आईटीआई भिलाई में 19 को जॉब फेयर

दुर्ग। आदर्श शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई), जीई रोड पावर हाउस भिलाई में सोमवार, 19 जनवरी को एक दिवसीय जॉब फेयर का आयोजन किया जा रहा है। इस जॉब फेयर में देश की प्रतिष्ठित कंपनियां केवल पुरुष वर्ग के लिए विभिन्न तकनीकी पदों पर भर्ती करेंगी। इच्छुक अभ्यर्थी प्रातः 9.30 बजे से 11 बजे तक रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।

## सड़क सुरक्षा माह कॉलेजों के छात्र-छात्राओं और चालकों को किया गया जागरूक



दुर्ग। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 का आयोजन 1 से 31 जनवरी तक किया जा रहा है। इसी क्रम में क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय द्वारा जिले में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय के अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा जिले के विभिन्न कॉलेजों में पहुंचकर छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा, यातायात नियमों के पालन, सुरक्षित वाहन संचालन सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूक किया जा रहा है। इसके साथ ही बड़ी संख्या में आम जनता एवं विद्यार्थियों के लर्निंग लाइसेंस भी बनाए जा रहे हैं। अब तक शासकीय महाविद्यालय, कुम्हारी, नवीन कॉलेज, खुर्सीपार, शासकीय आईटीआई पुलगांव, शासकीय महाविद्यालय पाटन में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसके अतिरिक्त दुर्ग बस स्टैंड में जिले के ई-रिक्शा एवं ऑटो चालकों को भी यातायात नियमों एवं सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। जागरूकता कार्यक्रमों के दौरान आम जनता एवं छात्र-छात्राओं से हेलमेट पहनने, कार में सीट बेल्ट लगाने, निर्धारित गति से वाहन चलाने, आपातकालीन सेवा वाहनों को रास्ता देने, ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने तथा वाहन के सभी आवश्यक दस्तावेज पूर्ण रखने की अपील की गई। अधिकारियों ने नागरिकों से जिम्मेदार एवं नेक नागरिक बनकर यातायात नियमों का पालन करने का आग्रह किया।

**प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजनाओं के निर्माण को लेकर हुई समीक्षा**

# स्वीकृति के बाद काम शुरू नहीं करने वालों की होगी जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

■ जिला पंचायत के सभागार में बैठक




प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन कार्यों को लेकर जिला पंचायत के सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक सीईओ बजरंग दुबे ने ली। दुबे ने कहा कि सप्ताह में तीन दिवस नोडल अधिकारी, पंचायत सचिव एवं आवास मित्र संयुक्त रूप से प्रधानमंत्री आवास निर्माण कार्यों का स्थल निरीक्षण अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को समय-सीमा के भीतर 90 दिवस का रोजगार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत जियो-टैगिंग सहित समस्त निर्माण कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कराने की जिम्मेदारी संबंधित ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक एवं आवास मित्र की तय की गई। साथ ही जियो-ट्रैकिंग समय पर पूर्ण करने के निर्देश भी दिए गए। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत किसी हितग्राही की मृत्यु की स्थिति में संबंधित प्रकरण तत्काल ग्राम पंचायत स्तर पर तैयार कर सचिव द्वारा शीघ्र कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि जिन हितग्राहियों द्वारा निर्माण कार्य में रुचि नहीं ली जा रही है अथवा निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है, उनके विरुद्ध आरआरसी प्रकरण दर्ज किया जाए। साथ ही अपूर्ण एवं प्रारंभ न किए गए निर्माण कार्यों के मामलों में राजस्व विभाग के माध्यम से वसूली की कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए गए।

### लापरवाह अधिकारी और कर्मचारियों को थमाया गया नोटिस

समीक्षा के दौरान ग्राम पंचायत कोकड़ी के सचिव एवं रोजगार सहायक को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। वहीं ग्राम पंचायत झमेन्द्र के देखमुख बीओएफटी द्वारा 21 दिवस तक जियो-टैगिंग नहीं किए जाने पर वेतन रोकने की कार्रवाई के निर्देश दिए गए। बैठक में अनुपस्थित रहने पर गौरव रामटेके एवं कृष्णा सिंघा, उप अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा को नोटिस जारी करने तथा ग्राम पंचायत चिंगरी के सचिव को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। बैठक में सभी प्रमुख अधिकारी मौजूद थे।

## रिसामा में होगा पोल शिफ्टिंग का कार्य, राशि स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए विभिन्न विकास कार्यों के लिए कुल 29.40 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल द्वारा अनुशंसित इन कार्यों का संपादन संबंधित क्रियान्वयन एजेंसियों द्वारा किया जाएगा।

जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार विभिन्न क्षेत्रों में विकास कार्यों के लिए राशि स्वीकृत की गई है। इसमें सहायक अभियंता ग्रामीण 1 सीएसपीडीसीएल दुर्ग के माध्यम से ग्राम रिसामा में ठाकुर देवता चिरपोटी एवं कातरो नाला तक तथा विभिन्न स्थलों पर विद्युत वितरण बुनियादी ढांचे में सुधार और पोल शिफ्टिंग कार्य के लिए 7.90 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई है। इसी प्रकार कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग दुर्ग के माध्यम से भिलाई खुर्सीपार जोन-2 के बापू नगर वार्ड क्रमांक 44 में सामुदायिक कार्य शेड, बैठने हेतु ढका हुआ क्षेत्र और रसोई निर्माण के लिए 8 लाख रुपए तथा शास्त्री नगर वार्ड क्रमांक 50 स्थित वेद माता गायत्री प्रज्ञापीठ में ट्यूबवेल और बोरवेल खनन कार्य के लिए 1.50 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं।

# दुर्ग ग्रामीण में नववर्ष मिलन समारोह में कांग्रेसियों ने भरा जोश

# जनता को घर-घर जाकर बताएंगे भाजपा सरकार की नाकामी : पूर्व मंत्री ताम्रध्वज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंडा/निकुम

**नववर्ष मिलन समारोह में जुटे जिले के कांग्रेसी, पार्टी को मजबूत करने पर बल**



दुर्ग ग्रामीण विधान सभा के ग्राम कुथरेल के सामुदायिक भवन में आयोजित नव वर्ष मिलन समारोह पूर्व गृह मंत्री व विधायक रहे ताम्रध्वज साहू ने के नेतृत्व में हजारों कार्यकर्ता सहित कांग्रेस के राजनीतिक पार्टी के जनप्रति निधि रहे। जिसमें पप्पू चन्द्रकार कृत लोक गम्मतिया सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ। वही आयोजन में पहुंचे अतिथियों ने सर्व प्रथम छत्तीसगढ़ महतारी व महात्मा गांधी की पूजा अर्चना कर राजगीत से आयोजन का शुभारभ किया।

इस अवसर पर आयोजन में मुख्य अतिथि पूर्व सांसद व पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा भाजपा सरकार के दो वर्ष होने के बावजूद सिर्फ मनमानी चल रही है, जिससे प्रदेश की जनता बेहद नाराज है। चाहे किसान, जवान, सहित सभी वर्ग परेशान है, खेती किसानी में समय पर खाद नहीं मिलता। समय पर टोकन मिल रहा है ना धान बिक रहा है। उन्होंने सवाल उठाया कि 125 दिन का रोजगार ग्रामीणों को कैसे मिलेगा, जबकि बीते दो वर्षों से गांव में रोजगार नहीं मिलने से पलायन फिर पॉव पसार रहा है आ रहा है। दुर्ग ग्रामीण जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि भाजपा सिर्फ झूठ बोलती है, किसानों का एक एक धान दाना खरीदने का वादा करने वाली भाजपा अन्नदाताओं को रुला रही है।



इस अवसर पर जिला अध्यक्ष शहर मुकेश चन्द्रकार, पूर्व छाया सांसद राजेंद्र साहू, जितेंद्र साहू, प्रदीप चंद्राकर – ब्लॉक अध्यक्ष दुर्ग ग्रामीण सुनील साहू – ब्लॉक 6 रिसाली, रिवेंद्र यादव – पूर्व अध्यक्ष सरपंच संघ दुर्ग,देवेंद्र देशमुख,पूर्व अध्यक्ष जनपद पंचायत दुर्ग, सभापति टिकेश्वरी लाल देशमुख, बाबू लाल देशमुख,सुरेन्द्र यादव – पूर्व अध्यक्ष सरपंच संघ सोहन देवांगन – पार्षद नगर निगम रिसाली,बंशीवा सिंह – पूर्व सरपंच न.नि. रिसाली अनिल देवांगन – पार्षद गोविंद चतुर्वेदी – जहीर अहमद – एमआईसी रिसाली,जयश्री चंद्राकर – पूर्व सभापति दुर्ग,कु. किरण तिवारी – पूर्व अध्यक्ष न.प. दुर्ग,शबनम बिल्लूर, धनंजय बोहरा – सरपंच खुर्सी,उमेश जांगड़े – उपाध्यक्ष कृषक संघ योगिता चंद्राकर – महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष हेमंत चतुर्वेदी – शहर अध्यक्ष महिला कांग्रेस,पुष्पा साहू – ब्लॉक अध्यक्ष महिला कांग्रेस,राजेश साहू – सदस्य ज.प. दुर्ग, सनी लोध – एमआईसी न.नि. रिसाली,फरीद अहमद – युवा कांग्रेस, अपू जितेंद्र साहू – सरपंच प्रतिनिधि खुर्सी भोगराम निषाद जी,रमेश देवांगन, रंजिता मेहरा सहित दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के सभी कांग्रेस कार्यकर्ता गण व ग्रामीण जन हजारों की संख्या में उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### नगर पंचायत उतई में हुए विविध कार्यक्रम

**उतई।** जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग नगर पंचायत उतई द्वारा मंगल भवन में विविध कार्यक्रम हुए। यहां शासकीय दानवीर तुलाराम स्नातकोत्तर महाविद्यालय उतई के छात्र-छात्राओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई एवं विविध प्रतियोगिताओं में ईनाम भी अर्जित किए। भाषण प्रतियोगिता में श्वेता रिगरी ने प्रथम स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। साथ ही आशु कुमारी ने तृतीय , रंगोली प्रतियोगिता में भारती साहू ने तृतीय, छाया रजक ने कविता पाठ में तृतीय तथा तुमेश्वरी ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। प्रभारी प्राचार्य डॉ. शुभा शर्मा, डॉ. पी.वसंत कला, रीता गुप्ता, डॉ. अनुसुईया जोगी, प्रो. रितेश नायक एवं अन्य प्राध्यापकों ने शुभकामनाएं दी है।

### आत्मनिर्भर भारत पर की चर्चा



**जामुल।** आत्म निर्भर भारत पर चाय पर चर्चा का कार्यक्रम लवकुश नगर जामुल भाजपा मंडल द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य रूप से भिलाई जिला के अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन, भिलाई जिला महामंत्री सुषमा जेठानी, कार्यक्रम के प्रभारी हेमंत देवांगन, जामुल मंडल अध्यक्ष प्रशांत बंटी गुप्ता, जामुल नगर पालिका अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर, किसान मोर्चा रायपुर संभाग प्रभारी रेखराम बंछोर वार्ड, पार्षद कविता विश्वाल, दीपक गुप्ता, चुम्मन वर्मा और पूर्व जिला उपाध्यक्ष यशवंत ठाकुर सहित अन्य उपस्थित थे।

### मधुमिता सरकार को पीएचडी शिक्षा की उपाधि

**दुर्ग।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग से मधुमिता सरकार ने शिक्षा संकाय में पी.एच.डी. की उपाधि प्राप्त की है। उनका शोध विषय—"उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों की शिक्षक प्रभावशीलता पर प्रशासनिक वातावरण एवं तकनीकी शैक्षणिक योग्यता का प्रभाव"रहा। इन्होंने अपना शोध कार्य हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग की डीन तथा प्राध्यापक एवं विभाग अध्यक्ष घनश्याम सिंह आर्य कन्या महाविद्यालय की डॉ निशा श्रीवास्तव के निर्देशन तथा कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय की पूर्व उप प्राचार्य डॉ पुष्पलता शर्मा के सह निर्देशन में संपन्न किया।



## निधन

### पं. पीके चटर्जी

**भिलाई।** रबिन्द्र निकेतन कालीबाड़ी हुडको के प्रथम पुजारी और एलआईजी 33 हुडको भिलाई निवासी पं. पीके चटर्जी (90 वर्ष) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गुरुवार को रामनगर मुक्तिधाम में किया गया। वे अमिता चटर्जी के पति और प्रणब चटर्जी, शुक्ला मुखर्जी, शुभ्रा सेनगुप्ता और सुबर्णा मुखर्जी के पिता थे। भिलाई बंगाली समाज व हुडको कालीबाड़ी समिति ने उनके निधन पर श्रद्धांजलि व्यक्त की है।



### राजेंद्र गाढ़े

**भिलाई।** क्वार्टर 1/डी, स्ट्रीट-3, सेक्टर-11 खुर्सीपार निवासी मीडिया कर्मी राजेंद्र गाढ़े पिता स्वर्गीय मनोहर गाढ़े का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार रामनगर मुक्तिधाम में किया गया।



### बही बाई यादव

**धमधा।** ग्राम पंचायत धमधा की पूर्व महिला पंच बही बाई यादव का 14 जनवरी निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गुरुवार को किशनवा मुक्तिधाम, गंजपारा, धमधा में किया गया। वे पूर्व अध्यक्ष/पार्षद नगर पंचायत धमधा रमन लाल यादव एवं रोहित यादव की मां थीं।






### पीएम आशा योजना से किसानों को मिली राहत

**धमधा।** केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री अन्नदाता एवं संरक्षण अभियान (आशा) योजना के अंतर्गत संचालित प्राइस सपोर्ट स्कीम किसानों के लिए लाभकारी सिद्ध हो रही है। योजना के तहत सेवा सहकारी समिति धमधा में न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर सोयाबीन की खरीदी जारी है। समिति में कृषक ज्वाला गिरी गोस्वामी, धमधा द्वारा चार एकड़ की उपज से 20 क्विंटल सोयाबीन का विक्रय किया गया। वहीं कृषक गौकरण गिरी गोस्वामी ने दो एकड़ भूमि से उत्पादित 10 क्विंटल सोयाबीन का विक्रय किया। इसके साथ ही ग्राम पेंडी निवासी कृषक राम खिलावन/जयराय साहू द्वारा 7.50 क्विंटल सोयाबीन समिति में विक्रय किया गया। विक्रय हेतु पंजीयन कराया गया। सरकारी योजना के तहत पारदर्शी व्यवस्था से की जा रही खरीदी से किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिल रहा है। क्षेत्र के किसानों ने केंद्र सरकार की इस योजना को कृषि हितैषी बताते हुए संतोष व्यक्त किया है।

### अंतर विश्वविद्यालयीन प्रतिस्पर्धा के लिए मौसमी का चयन



**पाटन।** शासकीय चंदूलाल चंद्राकर महाविद्यालय पाटन की छात्रा मौसमी निर्मलकर का चयन अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालयीन प्रतिस्पर्धा के लिए हुआ है। उत्तर पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता पंजाब (चंडीगढ़) में आयोजित हुई थी, जिसमें महाविद्यालय पाटन की दो बालिका मौसमी निर्मलकर और शिवानी निषाद का चयन हुआ था। इससे पूर्व अंतर्महाविद्यालयीन प्रतियोगिता में महाविद्यालय पाटन के 5 खिलाड़ियों ने स्वर्ण,रजत एवं कांस्य पदक प्राप्त किये थे,जिसमें से मौसमी निर्मलकर का चयन पंजाब (चंडीगढ़) में आयोजित अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालयीन प्रतियोगिता के लिए हुआ है। शासकीय चंदूलाल चंद्राकर महाविद्यालय पाटन की प्राचार्य डॉ. नंदा गुरवारा ने उनकी इस प्रतिभा की सराहना की और आगे भी प्रतिस्पर्धा में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद की। क्रीड़ा प्रभारी जितेंद्र कुमार मंडावी एवं अतिथि सहायक क्रीड़ा अधिकारी थानुराम बंजारे ने भी उनकी जीत की उम्मीद जताई है।

### पुराने दिनों को याद कर लगाये खूब ठहाके



**सेलूद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेलूद के विज्ञान समूह (सत्र 2001) के पूर्व छात्र–छात्राओं द्वारा विद्यालय से जुड़े 25 वर्ष पूर्ण होने के पावन अवसर पर रजत जयंती मिलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन स्वामी आत्मानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेलूद परिसर में सम्पन्न हुआ। इस दौरान गुरुजनों में सेवानिवृत्त वरिष्ठ व्याख्याता प्रभा मसीह, तत्कालीन प्राचार्या इंदु मालिक, सेवानिवृत्त प्राचार्या हेमलता धनुषकर, प्राचार्या वीना घोड़ियाल, उच्च वर्ग शिक्षक छाया बंछोर, वर्तमान प्राचार्या स्वामी आत्मानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पियाली सेन, व्याख्याता अंजली चंद्राकर, रेणुका सिंह एवं एन.के. साहू को शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। वहीं स्वामी आत्मानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष रमेश देवांगन तथा ग्राम सभा प्रमुख सुरेंद्र बंछोर का भी शॉल, श्रीफल एवं मोमेंटो देकर सम्मान किया गया। संचालन कमलेश ग्रेवाल ने और आभार प्रदर्शन परेश चावड़ा ने किया।

# गोंडवाना समाज की एकता और समृद्धि ही हमारी पहचान है : विधायक ललित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

गोंडवाना समाज द्वारा स्टेशन मरोदा पारिवारिक मिलन समारोह का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में समाज के लोग बढ़ चढ़कर शामिल हुए और अपनी संस्कृति व परंपराओं के प्रति उत्साह प्रकट किया। मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर थे। विधायक ललित चंद्राकर ने समाज को संगठित रहने और शिक्षा व संस्कारों को बढ़ावा देने की बात कही। उन्होंने कहा कि गोंडवाना समाज की एकता और समृद्धि ही हमारी पहचान है, और हमें इसे बनाए रखने के लिए मिलकर काम करना होगा। कार्यक्रम में उपस्थित पद्मश्री डॉ. आरएस बारले ने गोंडवाना समाज के इस प्रयास की सराहना की और इसे आपसी भाईचारा बढ़ाने वाला कदम बताया। उन्होंने कहा कि गोंडवाना समाज की संस्कृति और परंपराएं हमें अपने पूर्वजों के आदर्शों से जोड़ती हैं, हमें इनका पालन करना चाहिए।

- स्टेशन मरोदा में गोंडवाना समाज का पारिवारिक समारोह




इस अवसर पर प्रदेश कार्यालय मंत्री राजू लाल नेताम, भाजपा जिलाध्यक्ष एवं भिलाई पार्षद तुलसी राम ध्रु, पार्षद विनय नेताम, आर तुमरेकी, मोहन नेटी, प्रहलाद सिंह ठाकुर सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

गोंडवाना समाज के इस पारिवारिक मिलन समारोह में समाज के लोगों ने एक-दूसरे के साथ अपने संबंधों को मजबूत बनाने और समाज के विकास के लिए मिलकर काम करने का संकल्प लिया।



### कलश यात्रा के साथ रामकथा जारी

**सेलूद।** वृंदावन धाम से पधारी अंशिका देवी की दस दिवसयी रामकथा महुदा में जारी है। जिसमें भव्य कलश यात्रा निकाली गई। यहां शिव पार्वती विवाह 15.जनवरी, श्री राम जन्मोत्सव 16 जनवरी बाललीला, विश्वामित्र यश, अहिल्या उद्दार, मिथिला प्रवेश 17 जनवरी जनकपुर भ्रमण, प्रसंग, राम-सीता विवाह 18 जनवरी राम बनवारा, कॅक्ट प्रसंग, चित्रकूट आगमन 19 जनवरी दशरथ सत्लोक गमन, भरत मिलाप 20 जनवरी अनुसुइया सीता उपदेश, पंचवटी वास, सीता हरण, शबरी प्रसंग 21 जनवरी रावण वध, संदरकाण्ड, राजतिलक, व्यास पूजन 22 जनवरी तुलसी वर्षा, हवन सहस्त्रधारा साथ ही रात्रि कालिन कार्यक्रम 15,17,19, 22 जनवरी को रखा गया है।



### केंद्रीय विद्यालय भिलाई में सड़क सुरक्षा सप्ताह पर विविध आयोजन

**उतई।** केंद्रीय विद्यालय सी.आई.एस.एफ उतई भिलाई में 11 जनवरी से 17 जनवरी तक सड़क सुरक्षा सप्ताह जारी है। उद्घाटन समारोह की मुख्य अतिथि भुवनेश्वरी, प्राचार्य थीं। इस दौरान बोधन लाल साहू, यातायात विभाग, दुर्ग एवं खिलानंद सिन्हा ने सड़क सुरक्षा के महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। जिसके अंतर्गत पुलिस हेल्पलाइन नंबर, एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड, सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारण, समय की पाबंदी, तेज रफ्तार के दुष्परिणाम, गलत ओवरटेकिंग, वाहन चलाने हेतु आवश्यक दस्तावेज (लाइसेंस), हेलमेट का महत्व, ज़ेबरा क्रॉसिंग का उपयोग तथा यातायात संकेतों का पालन आदि विषयों को अत्यंत रोचक एवं सरल ढंग से विद्यार्थियों तक पहुँचाया। संचालन अनिल कुमार शर्मा ने किया। धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के कीड़ा शिक्षक डॉ. पंकज शुक्ला ने दिए।




# युवाओं को करियर बनाने दिया मार्गदर्शन, हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पाटन

स्वामी विवेकानंद जयंती के पावन अवसर पर तहसील साहू संघ पाटन के तत्वाधान में विराट युवा महोत्सव एवं कॅरियर गाइडेंस का आयोजन साहू सदन पाटन में हुआ। इस दौरान युवाओं को करियर बनाने मार्गदर्शन दिया गया। मुख्य अतिथि दीपक ताराचंद साहू (पूर्व अध्यक्ष, हस्तशिल्प विकास बोर्ड छत्तीसगढ़) ने अपने संबोधन में कहा कि युवा शक्ति ही राष्ट्र की असली पूंजी है। अध्यक्षता कर रहे जिला साहू संघ दुर्ग के अध्यक्ष माननीय नंदलाल साहू ने युवाओं को आगे बढ़ने प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि संगठन सचिव डॉ. सुनील साहू एवं जिला पंचायत दुर्ग की सभापति कल्पना साहू ने भी संबोधित किया।



**करियर गाइडेंस से मिला मार्गदर्शन**

कॅरियर गाइडेंस सत्र में युवाओं को प्रशासनिक सेवाओं के प्रति जागरूक किया गया। मुख्य वक्ता देवेश साहू (डिप्टी कलेक्टर), पोलेश्वर साहू (डिप्टी कलेक्टर) और राजेश साहू (डी.एस.पी.) ने युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के टिप्स दिए। उन्होंने अपने अनुभवों को साझा करते हुए बताया कि दृढ़ संकल्प और कड़ी मेहनत से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। सामाजिक सरोकार को निभाते हुए इस अवसर पर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया गया। रक्तदाताओं को हेलमेट प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही सभी परिक्षेत्रीय अध्यक्षों का सम्मान भी किया गया।

## बिजनेस साइट

### दान देकर मनाया मकर संक्रांति पर्व



जामगांव आर। सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर में चांवल और दाल दान देकर विधार्थियो ने मकर संक्रांति पर्व मनाया। समारोह के मुख्य अतिथि प्राचार्य पूरन लाल बारले ने कहा कि मकर संक्रांति पर्व भारतीय संस्कृति की दान धर्म का पर्व है। दान उदारता के भाव को जागृत करता है। इस दौरान 274 विद्यार्थियों और आचार्य दीदियों ने चांवल दाल एकत्र किए, जिसे वनवासी कल्याण आश्रम भेजा जाना है। विद्यालय में तिल गुड की लड्डू का वितरण किया गया। इस दौरान उपप्राचार्य लिकेश्वर साहू, आचार्य हथेश्वर साहू,परमानंद टंडन, प्रीति साहू, धनेश्वरी साहू,दिव्या चंद्राकर, सुनीता सेन,शशि यादव, दीपिका साहू और कविता साव उपस्थित रहें।

### धनोरा में मां शाकंभरी जयंती मनाई गई



**अंडा।** ग्राम धनोरा मे कोसरिया मरार समाज ने धूमधाम से मां शाकंभरी जयंती मनाई। सुबह 10 बजे से शोभा यात्रा मां शीतला प्रांगण से शुरू हुई जो कर्मा मंदिर गोल्डन चौक बजरंग पारा बाजार चौक होते मेन गली शीतला प्रांगण के पास मां शाकंभरी मंदिर पर समाप्त हुई। आयोजन में समाज के सभी सदस्यों की भागीदारी रही। यह जानकारी मनोज पटेल अध्यक्ष ने दी।

### स्वस्थ जीवन के लिए खेल जरूरी : ताम्रध्वज



**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के ग्राम भानपुरी में आयोजित 69वाँ वर्ष राज्य स्तरीय कब्बडी एवं चौसर प्रतियोगिता में अतिथि के रूप में प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए खेल की महत्वपूर्ण भूमिका है। इस दौरान कबड्डी प्रतियोगिता में प्रथम मतवारी, द्वितीय ग्राम भानपुरी, तृतीय ग्राम भरदा और चतुर्थ सिलोदा रहे। इस अवसर पर सरपंच भानपुरी उमेदी ठाकुर, हरिशंकर देशमुख, विक्रमावत देशमुख (उपसरपंच) बंशी ठाकुर, खम्हन साहू, राधेरमन देशमुख, शोभा देवांगन घनश्याम देशमुख,अनिल देशमुख, अध्यक्ष आशीष शर्मा, सचिव सोनू देशमुख सुदेश ठाकुर ,कोषाध्यक्ष संजय साहू समस्त पंचगण भानपुरी सहित खिलाड़ी गण एवं ग्रामीण जन बड़ी संख्या मौजूद थे।

### एबेकस में स्काई इंटरनेशनल स्कूल की उपलब्धि



**धमधा।** स्काई इंटरनेशनल स्कूल, धमधा के विद्यार्थियों ने शैक्षणिक सत्र 2025–26 में आयोजित एबेकस प्रतियोगिता में इंटरनेशनल, नेशनल एवं स्टेट लेवल पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। स्टेट लेवल प्रतियोगिता में प्रदेशभर से 900 से अधिक विद्यार्थियों ने सहभागिता की, जिसमें स्काई इंटरनेशनल स्कूल के 48 विद्यार्थियों ने भाग लेकर उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की। कक्षा 6 के टेकेंद्र साहू ने चैंपियन ऑफ चैंपियंस का खिताब अपने नाम किया, जबकि कक्षा 3 के वेदांत राजपूत एवं गुंजन रावत ने चैंपियन स्थान हासिल कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. माया भट्टाचार्य, अध्यक्ष सुनीता जैन एवं निदेशक संकेत जैन ने विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### मतदान का महत्व समझाया नुक्कड़ नाटक से



**जामगांव आर।** शहीद डोमेश्वर साहू शासकीय महाविद्यालय जामगांव आर में राष्ट्रीय सेवा योजना समिति द्वारा मतदान से जुड़ी कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके विद्यार्थियों और विशेष गहन पुनरीक्षण (एस आई आर) हेतु सभी विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दिया गया। जामगांव आर क्षेत्र की बी एल ओ मोहिनी मस्के ने विद्यार्थियों को फॉर्म नंबर 6 प्रदान किया और सभी संलग्न किए जा सकने वाले दस्तावेजों की जानकारी दी। इसके साथ ही एस आई आर के द्वारा अपनी मतदाता सूची के पुनरीक्षण की जानकारी प्रदान की। प्राचार्य डा शिखा अग्रवाल ने एक एक वोट का महत्व बताते हुए बिना समय गंवाए इस कार्य को शीघ्र पूरा करने के लिए प्रेरित किया और निर्देशित किया। राजनीति विज्ञान प्रभारी एश्वर्य ठाकुर ने एस आई आर के महत्व को समझाया। स्वीप एवं रा से यो प्रभारी श्रीमती चेतना सोनी ने सभी विद्यार्थियों को फॉर्म की प्रक्रिया , वेबसाइट, एस आई आर लिस्ट देखने संबंधित जानकारी दी।

### चिंगरी में शिव महापुराण कथा जारी



**अंजोरा।** ग्राम चिंगरी में शिव महापुराण कथा का द्वितीय दिवस अत्यंत दिव्य और भक्ति-रस से परिपूर्ण रहा। मां अंबे दुर्गोत्सव नवयुवक मंडल व सर्व समाज द्वारा आयोजित इस पावन श्रृंखला में श्रद्धालुओं की संख्या पहले दिन से भी अधिक बढ़ गई, और सभी महादेव की कृपा में डूबे नजर आए। कथा व्यास पं. महेंद्र पांडेय ने आज विशेष रूप से नारदजी के मोह की प्रसिद्ध कथा सुनाई, जो शिव महापुराण की रुद्र संहिता में वर्णित है। इस अवसर पर जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन भी उपस्थित रहे. और पूरे मन से कथा का श्रवण किया। कथा के समापन पर सभी श्रद्धालुओं ने महादेव से प्रार्थना की कि वे समस्त ग्रामवासियों को अहंकार से मुक्त रखें, शिव तत्व की अनुभूति प्रदान करें, और जीवन में सच्चे सारथी के रूप में उनके चरणों में स्थान दें।

## खबर संक्षेप



### नराकास की काव्य पाठ प्रतियोगिता, हुए पुरस्कृत

**भिलाई।** नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, भिलाई-दुर्ग' के तत्वावधान में दि न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, मध्यम व्यवसाय कार्यालय भिलाई द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती, युवा दिवस के अवसर पर नराकास स्तरीय काव्य पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि भिलाई इस्पात संयंत्र के महाप्रबंधक राजीव कुमार थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सचिव, नराकास और वरिष्ठ मंडल प्रबंधक, न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, भिलाई रवि पाठक ने की। सदस्य संस्थानों के कुल 25 प्रतिभागियों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि ने कहा कि काव्य पाठ जैसी प्रतियोगिताएँ हिंदी भाषा एवं भारतीयता के प्रति आत्मीयता बढ़ाती हैं और हिंदी को जन-जन से जोड़ने का कार्य करती हैं। राष्ट्रीय एकता तथा भारतीय जीवन मूल्यों के प्रति अपनत्व जागृत करने में हिंदी सहायक है। रवि पाठक ने कहा कि हिंदी हमारी सांस्कृतिक चेतना की आत्मा है। प्रतियोगिता के निर्णायक नाटककार भारत वेद, उप प्रबंधक जितेन्द्र दास मानिकपुरी तथा अध्यापक डॉ. अजय आर्य थे।

### नीलम वर्मा को डॉक्टरेट की उपाधि

**भिलाई।** दुर्ग के शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय के हिंदी विभाग में शोधरत नीलम वर्मा को हेमचंद विश्वविद्यालय से डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान कर दी गई है ।उन्होंने यह शोध प्रबंध विनोद साव पर केंद्रित विषय "हिंदी साहित्य की व्यंग्य परंपरा एवं विनोद साव का व्यंग्य साहित्य" में किया है। यह शोध प्रबंध निदेशक डां. पन्ना लाल यादव तथा ,सह शोध निदेशक डां. अभिनेष सुराना के मार्गदर्शन में पूर्ण किया है ।



### राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र, राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही समीक्षा बैठक हुई। अध्यक्षता बीएसपी के कार्यपालक निदेशक व कार्यकारी अध्यक्ष राजभाषा कार्यान्वयन समिति पवन कुमार ने की। बैठक में सभी कार्यपालक निदेशकग, सीजीएम, , महाप्रबंधक प्रभारी अमूल्य प्रियदर्शी, महाप्रबंधक राजीव कुमार, महाप्रबंधक सौमिक डे तथा आदि ऑनलाइन माध्यम से उपस्थित थे। पवन कुमार द्वारा बीएसपी की हिंदी गृह पत्रिका 'भिलाई भाषा भारती' के 'संयंत्र विशेषांक' का विमोचन किया गया। उन्होंने कहा कि आज की आवश्यकता है कि हम हिंदी में लिखना व सोचना अवश्य करें। प्रत्येक व्यक्ति के हृदय में हिंदी के प्रति आदर भाव होना चाहिए। श्री प्रियदर्शी ने पुस्तक भेंट कर पवन कुमार का स्वागत किया। राजीव कुमार ने स्वागत उद्बोधन दिया। उप प्रबंधक जितेन्द्र दास मानिकपुरी ने प्रतिवेदन पढ़ा।

### ईडी वर्क्स स्किल ट्रॉफी प्रतियोगिता पुरस्कार वितरण

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के मानव संसाधन विकास विभाग द्वारा, गैर-कार्यपालकों के लिए मानव संसाधन विकास केन्द्र के सभागार में, 11 विभिन्न ट्रेड में आयोजित कार्यपालक निदेशक ट्रॉफी कार्य कौशल प्रतियोगिता 2025-26 का पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक पवन कुमार और कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार थे। इस अवसर पर 11 विभिन्न ट्रेड फिटिंग, कंप्यूटर ऑटोमेशन, कंप्यूटर प्रोग्रामिंग, वेल्डिंग, हाइड्रॉलिक्स, टर्निंग, पीएलसी, मशीनिंग, कार्पेंटरी, इलेक्ट्रिकल और मैटेरियल हैंडलिंग ट्रेड में आयोजित प्रतियोगिता के विजेताओं को अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# बीएसपी कॉन्ट्रेक्टर एसो. ने ईडी राकेश को ठेकेदारों की समस्याओं से अवगत कराया

## अधिकतर मुद्दों पर निदान का मिला सकारात्मक आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई स्टील प्लांट कॉन्ट्रेक्टर वेलफेयर एसोसिएशन ने गुरुवार को भिलाई इस्पात संयंत्र के अधिशासी निदेशक (वर्क्स) राकेश कुमार से मिलकर ठेकेदारों की समस्याओं से अवगत कराया । पदाधिकारियों ने श्रमिकों का ईएसआईसी अस्पताल में मेडिकल कराने और बीएसपी की ठेका प्रक्रिया में छोटे और पुराने ठेकेदारों को बाहर कर दिए जाने सहित कई महत्वपूर्ण मुद्दों के जल्द निदान की मांग की। ईडी ने अधिकारियों से चर्चा कर जल्द निराकरण का आश्वासन दिया है।

एसोसिएशन के प्रतिनिधि मंडल ने श्रमिकों के मेडिकल के संबंध में चर्चा की और कर्मचारी राज्य बीमा निगम के अस्पताल में मेडिकल कराए जाने को लेकर जोर दिया गया । पिछले कई वर्षों से ठेकेदारों का सिक्योरिटी डिपॉजिट (एसडी)के भुगतान के विषय पर भी चर्चा की और सीआईएसएफ व एनडीसी व आईआर एनडीसी के जटिल समस्या के कारण हो रहे परेशानी से भी अवगत कराया। अधिशासी निदेशक ने आश्वस्त किया कि इस विषय विचार कर रहे हैं ,तथा बहुत जल्द समाधान की संभावना है।



### मांगों पर बंधी उम्मीद : शर्मा

बीएसपी कांट्रेक्टर एसोसिएसन द्वारा ठेका प्रक्रिया में छोटे, मझौले और पुराने ठेकेदारों को बाहर किए जाने की समस्या सेभी रुपरु कराया। ईडी ने संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर जल्द समाधान का आश्वासन दिया । कांट्रेक्टर एसोसिएशन के अध्यक्ष मधुसूदन शर्मा ने बताया कि सौहाद्रपूर्ण माहौल में हुई सार्थक चर्चा में सभी समस्याओं पर सकारात्मका आश्वासन से आशा बंधी है। बैठक के पूर्व पदाधिकारियो ने ईडी राकेश कुमार को गुलदस्ता देकर मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दी ।बैठक में एसोसिएशन के अध्यक्ष मधुसूदन शर्मा, महासचिव विद्यासागर त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष मनीष शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मधुसूदन नायर, उपाध्यक्ष राजेंद्र यादव, कार्यकारी महासचिव इंद्रजीत सिंह, उपाध्यक्ष उमाकांत खंडेलवाल और संरक्षक अवधेश कुमार उपस्थित थे ।

## दो साल से लंबित है बीएसपी मान्यता यूनियन का चुनाव

# दर्जनभर यूनियनों की मौजूदगी के बाद भी नहीं सुलझ रहीं बीएसपी कर्मचारियों की समस्याएं

## टाउनशिप प्लांट और कर्मचारियों की कई समस्याएं बनी हुई हैं यथावत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र में श्रमिक संगठनों की बढ़ोत्तरी के बाद भी कर्मचारियों की समस्याएं सुलझने का नाम नहीं ले रही हैं। कर्मियों को अब तक मान्यता यूनियन का चुनाव नहीं होने का भी खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। इस दौरान हर माह थोक में रिटायर हो रहे कर्मचारियों को भी मिलने वाले लाभों व सुविधाओं से वंचित होना पड़ेगा।

उल्लेखनीय है कि पिछले लंबे समय से बीएसपी कर्मियों के साथ प्लांट और टाउनशिप से संबंधित समस्याएं यथावत हैं या फिर बढ़ रही हैं। जबकि इनके निदान के लिए यहां दर्जनभर यूनियनें हैं। कर्मियों के मुताबिक पिछले मात्र पांच साल के दौरान आधा दर्जन लोकल नई यूनियनें गठित हुई हैं। पांच केंद्रीय यूनियनें पिछले तीन दशक से सक्रिय हैं। यानी वर्तमान में दर्जनभर श्रमिक संगठनों की मौजूजगी के बाद भी बीएसपी कर्मियों की समस्याएं महज आश्वसनों में सिमट कर रह गई हैं। जबकि आईडी एक्ट के चुनाव के कुछ साल पूर्व तक प्रसिद्ध श्रमिक नेता रवि आर्य की अगुवाई वाली इंटक सहित दो तीन यूनियनें ही सक्रिय थी। इसके बाद भी कर्मचारियों की लोकल एग्रीमेंट सहित बहुतेरी समस्याओं का निदान प्रबंधन स्तर पर हो जाता था। कर्मियों ने बताया कि कर्मचारियों का सबसे बड़ा मुद्दा वर्ष 2017 से सेल कर्मियों के वेतन समझौता का अपूर्ण होना है, जिसके चलते 39 महीने का एरियर्स सहित एचआर व कई मुद्दे अब तक लंबित हैं। लोकल स्तर कर्मियों व टाउनशिप तथा भिलाई इस्पात संयंत्र से जुड़ी पचासों समस्याओं का निदान आश्वासन बाद भी अब तक नही हो पाया है।



### आईडी एक्ट चुनाव से बदली तस्वीर

बीएसपी में वर्ष 2012 से आईडी एक्ट के तहत मान्यता यूनियन चुनाव हो रहा है। इसके पूर्व पुरानी इंटक यूनियन का एकछत्र वर्चस्व था। कर्मियों के मुताबिक आईडी एक्ट से चुनाव प्रारंभ होने से लोकतांत्रिक स्वरुप के साथ सर्वाधिक सदस्यता और प्रतिनिधित्व की ताकत भी बढ़ी है। प्रबंधन से बीएसपी कर्मियों की मांगों पर वार्ता करने मान्यता यूनियन वैध ही नहीं अधिकृत भी होती है। इसके चलते समस्याओं के जल्द निदान की संभावना बनी रहती है। पिछली मान्यता यूनियन का कार्यकाल खत्म हुए एक साल से अधिक बीतने के बाद भी अब तक चुनाव नहीं हुआ है। इसके चलते भी यूनियनें व कर्मी निराश हैं। शून्य मान्यता काल में प्रबंधन अन्य यूनियनों से मांगों पर चर्चा करने की सिफ रस्मअदायगी कर रहा है।

### इन यूनियनों की है मौजूदगी

बीएसपी में इंटक,सीटू,एटक, एचएमएस, बीएमएस, एक्टू, लोईमू, बीडब्ल्यू, स्टील वर्कर्स यूनियन, भिलाई इस्पात मजदूर संघ, बीएकेएस,भिलाई श्रमिक संघ, इस्पात श्रमिक मंच, बीएकेएस श्रमिक संगठन सक्रिय हैं। इनके अलावा बीएसपी ठेका श्रमिक संघ इंटक व सीटू का ठेका मजदूर संगठन है। इनमें अधिकतर यूनियनें हफ्ते दस दिन में बीएसपी अधिकारियों से मिलकर कर्मियों की मांगों पर चर्चा करने व निदान का आश्वासन मिलने का बयान जारी करती हैं। कर्मियों ने बताया कि अधिकतर प्लांट में कैंटीन, सड़क, ठेका मजदूरों, टाउनशिप की आवासीय, शिक्षा, स्वास्थ्य व सफाई व प्रमोशन तक अधितकर समस्याएं यथावत बनी हुई हैं।

# मेन पावर में कमी व कास्ट कंट्रोल के दबाव में दुर्घटना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सीटू के दल ने भिलाई इस्पात संयंत्र में सोमवार रात को हुई अग्नि दुर्घटना के बाद एसएमएस 2 घटना स्थल का दौरा किया। यूनियन के मुताबिक घटनास्थल और उसके ऊपर के कंट्रोल रूम तथा पीछे के रेस्टरूम को देखकर लगा कि यदि कार्य करने वाले कर्मी उस स्थान से आनन फानन में नहीं भागें होते तो कोई भी हताहत होने की बड़ी घटना हो सकती थी। मेन पावर और कास्ट कंट्रोल के साथ टेक्निकल फाल्ट को दुर्घटना का कारण बताया। यूनियन ने सजगता बरतने व आगे दुर्घटना न हो, इसके प्रयास की मांग की।

सीटू ने बताया कि जांच में पाया किएसएमएस में तीन कन्वर्टर हैं। पुराने कन्वर्टर नंबर दो को पूरी तरह से हटाकर उसके स्थान पर नया कन्वर्टर को स्थापित किया गया जिसे 8 नवंबर 2025 को नया कन्वर्टर चालू किया गया। सीटू के जांच में यह बात सामने आई है कि इस नए स्थापित हुए कन्वर्टर में शुरू से ही टेक्निकल फॉल्ट सामने आ रहा था । इसके उस नए कन्वर्टर से उत्पादन लेने की प्रक्रिया भी चालू थी। इस नए कन्वर्टर में टिल्टिंग होते समय शिकायत आ रही थी वही ब्रेक जाम होने की भी शिकायत की जा रही थी।

सीटू ने बताया कि जब कन्वर्टर को टिल्ट किया जा रहा था कन्वर्टर ओवर टिल्ट हो गया एवं ब्रेक भी नहीं लगा जिसके चलते स्लैग ज्यादा ताकत में बाहर निकल गया और कंट्रोल रूम के नीचे के इलेक्ट्रिक केबल में आग लग गई। देखते ही देखते आग भयानक रूप ले लिया । यह बढ़ते बढ़ते कन्वर्टर नंबर एक एवं कन्वर्टर नंबर तीन के नीचे के इलेक्ट्रिक केबल तक पहुंच गया और केबल ब्लास्ट होने लगा। इसके बाद तीनों कंट्रोल रूम जल गया। सीटू की टीम ने कहा कि जहां आग लगी थी वह ऐसी जगह है जहां पर फायर की गाड़ियां बहुत देर तक पहुंच नहीं पा रही थी फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर कैसे पहुंचेंगे यह बताने के लिए स्थिति में भी वहां के लोग नहीं थे । फायर ब्रिगेड में हो रही मैनपावर की कटौती कभी भी विभागों में फायर एक्सटिंग्विशर को रखकर पूरा नहीं किया जा सकता है जिसे प्रबंधन को समझना होगा।

### नियमित व श्रमिकों की संख्या में हो रही कटौती

यूनियन ने कहा कि प्रबंधन इस्पात मंत्रालय के कहने पर लगातार स्थाई और ठेका श्रमिकों में कटौती करते जा रहा है। स्टील मेल्टिंग शॉप हो या रेल मिल, कोक ओवन हो या ब्लास्ट फर्नेस, सभी विभाग मैनपावर की कमी से जूझ रहे हैं उस पर कितनी भी सुरक्षा की बात कर लिया जाए । लेकिन कार्य के दबाव के चलते दुर्घटनाओं को आमंत्रित करना अब आम बात होने लगी है इसीलिए मैनपॉवर बढ़ाने के बारे में सोचा जाना जरूरी है।

■ आग लगने के बाद हिंदुस्तान स्टील इम्पलाइज यूनियन ने किया एसएमएस का दौरा

## 15 लाख के बकाया पर होटल मालवा सील



**दुर्ग।** आयुक्त सुमित अग्रवाल के सख्त निर्देशों के बाद नगर निगम का राजस्व अमला बड़े बकायादारों एवं बिना लाइसेंस व्यापार करने वालों पर लगातार शिकंजा कस रहा है। इसी क्रम में शहर के मालवा होटल पर आज बड़ी कार्रवाई की गई। निगम रिकॉर्ड के अनुसार मालवा होटल पर लगभग 15 लाख रुपये का कर वर्षों से बकाया है। इसके अलावा होटल द्वारा बिना वैध अनुमति, व्यवसाय लाइसेंस के संचालन किया जा रहा था। बकाया कर वसूली एवं नियमों के उल्लंघन को लेकर राजस्व अमला आज सीलिंग की कार्रवाई करने मौके पर पहुंचा। कार्रवाई के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारी संख्या में पुलिस बल भी तैनात रहा। होटल प्रबंधन की ओर से बकाया राशि जमा करने के लिए समय की मांग की गई, जिस पर अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि नियमानुसार तत्काल भुगतान या वैधानिक प्रक्रिया पूरी करना अनिवार्य है। सुमित अग्रवाल ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र में बकाया कर नहीं चुकाने वाले एवं बिना लाइसेंस व्यापार करने वालों के खिलाफ किसी भी प्रकार की ढील नहीं दी जाएगी।

## हत्या का फरार आरोपी पकड़ा गया, अब तक 11 भेजे गए जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

थाना सिटी कोतवाली दुर्ग ने हत्या के मामले में फरार एक और आरोपी धनराज सेन उर्फ धन्नु को पकड़ने में सफलता पाई है। इस मामले में अब तक कुल 11 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। वहीं एक आरोपी फरार है जिसकी तलाश की जा रही है।

पुलिस के अनुसार प्रार्थिया वी रानी सोनी निवासी शीतला नगर वार्ड-5 ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसका पति वेदुरवाडा संतोष आचारी सोना चादी और ब्याज पर रुपये देने का काम करता था। दादू सोनी को उसके पति ने कुछ रुपए दिए थे जो काफी दिनों से वापस नहीं कर रहा था। विगत 7 नवंबर को प्रार्थिया के पति ने फोन कर बताया कि दादू सोनी से पैसा मांगने की बात पर विवाद हो गया है। दादू सोनी का लड़का अपने साथियों के साथ मिलकर वाद-विवाद किया है। अलगे दिन अस्पताल से सूचना मिली की पति की हत्या हो गई है। इस पर पुलिस ने धारा 103(1), 331(8), 111(2)(ए) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर कार्रवाई करते हुए आरोपी चैत्राम सोनी उर्फ दादू, मनीष सोनी, तरूण सोनी, शिवा सोनी, अनिल कुमार यादव, हीरा सोनी, अमन उर्फ टिकेन्द्र तिवारी, राहुल ढीमर, घनश्याम ढीमर, योगेश ठाकुर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेज दिया गया। इस मामले में धनराज सेन उर्फ धन्नु शिवनाथ साल निवासी ढीमर पारा सहित दो आरोपी फरार चल रहे थे। 15 जनवरी को पुलिस को सूचना मिली कि फरार आरोपी धनराज सेन उर्फ धन्नु शिवनाथ नदी शिव मंदिर के पास है जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ में जुर्म स्वीकार करने पर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।



■ ब्याज के पैसे का लेन-देन बना हत्या की वजह

## छावनी क्षेत्र में नाली और सड़कों से हटाया अवैध कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई के जोन-4 खुर्सीपार क्षेत्र में गुरुवार को प्रशासन द्वारा अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की गई। आयुक्त राजीव कुमार पांडेय भ्रमण के दौरान दिए गए निर्देशों के परिपालन में छावनी मंगल बाजार और अंकुश चौक के समीप नाली एवं सड़कों पर किए गए अवैध कब्जों को हटाया गया।



■ जोन चार खुर्सीपार में भिलाई निगम की कार्रवाई

निगम प्रशासन को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि स्थानीय लोगों द्वारा नाली के ऊपर पक्का निर्माण कर और सड़कों तक सामान फैलाकर अतिक्रमण किया गया है, जिससे जल निकासी बाधित हो रही थी और यातायात में भी समस्या आ रही थी। छावनी मंगल बाजार एवं अंकुश चौक पर नाली के ऊपर किए गए अवैध निर्माण को ढहाया गया और सड़क घेरकर रखे गए सामानों को जब्त किया गया। कार्रवाई के दौरान संबंधितों को सख्त हिदायत दी गई है कि भविष्य में दोबारा अतिक्रमण न करें। निगम ने स्पष्ट किया है कि पुनरावृत्ति होने पर सामान जब्ती के साथ-साथ नियमानुसार भारी जुर्माना और कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई के दौरान सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू, उप अभियंता चंद्रकांत साहू, राजस्व निरीक्षक विजेंद्र परिहार सहित स्वास्थ्य विभाग एवं राजस्व टीम उपस्थित रहे।

## एसएमएस तीन में संविदा श्रमिकों को मिला पुरस्कार

**भिलाई।** बीएसपी के एसएमएस–3 द्वारा सेक्टर 8 स्थित स्टील क्लब, मंगल कानन मैदान में संविदा श्रमिकों के लिए सुरक्षा पुरस्कार वितरण आयोजित किया गया। मुख्य महाप्रबंधक डी. सतपथी, मुख्य महाप्रबंधक प्रमोद कुमार, त्रिभुवन बैठा तथा महाप्रबंधक प्रभारी एसके अग्रवाल आदि वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। एसएमएस–3 के 112 संविदा श्रमिकों को उनके उत्कृष्ट व अनुकरणीय सुरक्षा प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया।







## डामरीकरण, अवैध अतिक्रमण, एसएलआरएम सेंटर की व्यवस्था देखी

# आयुक्त ने किया जोन चार खुर्सीपार क्षेत्र में निर्माण कार्यों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

शहर के विकास एवं नागरिकों को मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने जोन-4 खुर्सीपार क्षेत्र अंतर्गत नवीन डामरीकरण सड़क, अवैध अतिक्रमण, एस.एल.आर.एम. सेंटर का निरीक्षण किये। साथ ही शहर में कराये जा रहे निर्माण एवं संधारण जैसे कार्यो को समयावधि में पूर्ण कराने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

शिवाजी नगर जोन-4 खुर्सीपार क्षेत्र अंतर्गत छावनी मंगल बाजार बस्ती में नवीन डामरीकरण सड़क का निर्माण किया गया है। जिसका निरीक्षण आयुक्त एवं जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे द्वारा किया गया। सघन बस्ती होने के कारण हजारों नागरिको को सुगम यातायात की सुविधा मिलेगी। समीपस्थ सड़क किनारे नल कनेक्शन का गडडा किया गया है, जिसका जायजा लिये और अनावश्यक बहने वाले पानी को रोकने कहा गया है। स्थानीय नागरिकों द्वारा नाली के उपर अवैध अतिक्रमण किया गया है, अतिक्रमणकारियों को नोटिस देकर अवैध अतिक्रमण हटवाने कहा गया है। वार्ड में सड़क किनारे अस्थाई बाथरूम बनाकर उपयोग किया जा रहा है, जिसे हटवाने निर्देश दिए हैं।



### निर्माणाधीन डामरीकरण सड़क का अवलोकन

आयुक्त द्वारा छावनी चौंक से बीरासिंह चौंक तक निर्माणाधीन डामरीकरण सड़क अवलोकन किया गया है। सड़क निर्माण का कार्य अधूरा है, जिसे जल्द पूर्ण कराने को कहा गया है। समीपस्थ निर्माणाधीन एस.एल.आर.एम. सेंटर का जायजा लिया। एजेंसी को शेष बचे कार्य समय पर पूर्ण करने निर्देशित किये है। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता संजय वर्मा, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, उप अभियंता चंद्रकांत साहू, सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू, जोन स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत मांझी, राजस्व निरीक्षक विजेंद्र परिहार, स्वच्छता निरीक्षक अतुल यादव, जोनल सहित सुपरवाईजर उपस्थित रहे।

हरिभूमि लाइव
रायपुर, शुक्रवार 16 जनवरी 2026
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129



02 तारक मेहता का उल्टा चश्मा...

लाइव इवेंट

## असमिया समाज के मिलन समारोह में सांस्कृतिक विरासत को सहेजने लिया संकल्प





**भिलाई।** भिलाई एवं रायपुर में निवासरत असमिया समाज के लोगों का एक भव्य मिलन समारोहका आयोजन किया गया। छत्तीसगढ़ में इस तरह का यह पहला आयोजन थाइस कार्यक्रम का उद्देश्य आपसी भाईचारे को मजबूत करना, सांस्कृतिक मूल्यों का संरक्षण करना तथा समाज के लोगों को एक मंच पर जोड़ना रहा। इस अवसर पर असम के रहने वाले, युवाओं एवं महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का प्रारंभ सिंगर जुबिन गर्ग को श्रद्धांजलि देने के दौरान असमिया संस्कृति पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, परिचय सत्र तथा विचार-विमर्श का आयोजन किया गया। आयोजन करता प्रदीप्त शर्मा, नीलम बोरा, करबी प्रधान ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज को एकजुट रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। समारोह में समाज के विकास, आपसी सहयोग एवं भविष्य की योजनाओं पर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थितजनों ने ऐसे आयोजन नियमित रूप से करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में समिति के प्रमुख पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

लाइव इवेंट

## छग राजभाषा आयोग द्वारा सम्मानित हुए डॉ देशमुख, कलापरम्परा नई कृति का विमोचन



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव पर राजभाषा आयोग छग शासन रायपुर द्वारा सिम्स बिलासपुर में आयोजित नौवां प्रान्तीय सम्मेलन के सम्मान समारोह में छतीसगढ़ी साहित्य, भाषा, कला एवं संस्कृति के दीर्घ समर्पण के लिए दुर्ग संभाग से भिलाई के वरिष्ठ संस्कृति साधक, संपादक कलापरम्परा, डा.डी.पी.देशमुख को विशिष्ट प्रतिभा सम्मान प्रदान किया गया,यह पुरस्कार मुख्य अतिथि प्रदेश के संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल, कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ.विनय कुमार पाठक पूर्व अध्यक्ष राजभाषा आयोग, विशिष्ट अतिथि धरम लाल कौशिक विधायक बिल्हा पूर्व विधानसभा अध्यक्ष, सुशांत शुक्ला विधायक बेलतरा, महापौर बिलासपुर पूजा विधानी, डॉ.रमणेश मूर्ति अधिष्ठाता सिम्स, साहित्यकार डॉ.परदेशी राम वर्मा, डॉ.अभिलाषा बेहार सचिव राजभाषा आयोग एवं अन्य अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से विभागीय प्रमाण पत्र,स्मृति चिन्ह,श्रीफल आदि भेंट कर दिया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने श्री देशमुख को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में ही उपस्थित अतिथियों द्वारा डॉ.डी.पी.देशमुख द्वारा लिखित नवीन कृति कलापरम्परा-छत्तीसगढ़ मा तीरथधाम का विमोचन किया गया। यह पुस्तक प्रदेश के पर्यटन एवं तीर्थस्थल पर केंद्रित है एवं कलापरम्परा का 12वां अंक है।

लाइव इवेंट

## वार्षिकोत्सव से निखरती है प्रतिभाएं, उत्कृष्ट विद्यार्थियों को किया सम्मानित



**भिलाई।** महर्षि दयानंद आर्य उ.मा. विद्यालय मठपारा दुर्ग में रंगारंग वार्षिक उत्सव पुरस्कार वितरण समारोह 2025-26 का आयोजन किया गया।इस अवसर पर आर्य शिक्षा समिति दुर्ग-भिलाई के अध्यक्ष विनीत बंसल, उपाध्यक्ष विनीत श्रीवास्तव, सचिव संतोष शर्मा, कोषाध्यक्ष सुजीत खरे उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत गायत्री मंत्र के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। अतिथियों का स्वागत, स्वागत गीत द्वारा व पुष्पगुच्छ देकर किया गया। जिसके बाद आर्य शिक्षा समिति के अध्यक्ष विनीत बंसल ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक विद्यार्थियों में प्रतिभाएं होती है। ऐसे आयोजनों के माध्यम से प्रतिभाएं निखरती है और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार के माध्यम से संस्था द्वारा प्रोत्साहित किया जाता है।

इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। नन्हें बच्चों द्वारा बहुत ही सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया गया। प्राथमिक विभाग के बच्चों ने माँ काली के रुप तथा राम भक्ति द्वारा अपने नृत्य के माध्यम से मनमोहक प्रस्तुति दी। मिडिल और हायर सेकेण्डरी के विद्यार्थियों द्वारा राजस्थान, मराठी व छ.ग. व पंजाबी नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति दी। इस अवसर पर प्रधानपाठिका विजयलक्ष्मी दुबे, तृप्ति चटर्जी सहित शिक्षक-शिक्षिकायें उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्रेरणा श्रीवास्तव और पूजा साहू द्वारा किया गया। अंत में संस्था की प्राचार्या करुणा गौतम ने वार्षिक प्रतिवेदन की प्रस्तुति के साथ-साथ कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि और अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। जिसमें विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन शांति पाठ द्वारा हुआ।

● उत्तर भारत में खिचड़ी, दक्षिण में पोंगल और अपनी अपनी परंपरानुसार मनाया गया बिहू, बच्चों ने की पतंग बाजी

# मकर संक्रांति पर्व का बिखरा उल्लास, दान-पुण्य, स्नान और पुण्य योग में की पूजा, चूल्हे पर बनाई खीर

**ट्विनसिटी सहित आसपास के क्षेत्रों में मकर संक्रांति पर्व गुरुवार को श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। पर्व के अवसर पर सुबह से ही मंदिरों और शिवनाथ, खारुन आदि पवित्र स्नान स्थलों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। लोगों ने विधि-विधान से स्नान कर भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। उत्तर प्रदेश में संक्राति को खिचड़ी पर्व के रुम में मनाया गया तो वही दक्षिण भारत में पोंगल, बंगाल और असम साईड में बिहू के रुप में मनाया गया। कई स्थानों पर 14 और 15 जनवरी को मेले का आयोजन किया गया।**



**भिलाई।** मकर संक्रांति पर दान-पुण्य का विशेष महत्व होने के चलते श्रद्धालुओं ने तिल, गुड़, खिचड़ी, वस्त्र और अन्न का दान किया। कई स्थानों पर सामाजिक और धार्मिक संस्थाओं द्वारा जरूरतमंदों को कंबल, भोजन एवं दैनिक उपयोग की सामग्री वितरित की गई। महिलाओं ने घरों में पूजा-अर्चना कर तिल-गुड़ के प्रसाद का वितरण किया। मंदिरों में विशेष पूजा, हवन और भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। पुरोहितों के अनुसार मकर संक्रांति पर सूर्य के मकर राशि में प्रवेश से पुण्य योग बनता है, जिससे इस दिन किया गया दान और पूजा विशेष फलदायी मानी जाती है। पर्व के दौरान सुरक्षा और व्यवस्थाओं को लेकर प्रशासन व स्वयंसेवी संगठनों की सक्रियता भी देखने को मिली। मकर संक्रांति का पर्व धार्मिक आस्था, सामाजिक सौहार्द और सेवा भावना के संदेश के साथ जगह-जगह मनाया गया।

### महाराष्ट्रीय महिलाओं ने किया हल्दी कुमकुम

मकर संक्राति को साल के पहले त्यौहार के रुप में सभी जाति-समुदाय के लोग अपने-अपने रिति-रिवाजों के अनुसार मनाते है। डॉ सविता ने बताया कि इस दिन से ही महाराष्ट्रीयन परिवारों की महिलाएं एक दूसरे को हल्दी-कुमकुम कर पति की रक्षा के लिए सुहाग सामाग्री देकर गेहूं से ओली भरती है साथ ही मटर, तिल गुड़ का लड्डू, गाजर सहित ऋतु सब्जियां भी वितरित किया जाता है और यह पर्व संक्राति से शुरु होकर रथ सप्तमी या अमावस्या तक किया जाता है।





### बच्चों ने लिया पतंग का आनंद

मकर संक्राति पर गुजरात में पतंग बाजी करने का विधान है। भिलाई- दुर्ग में रहने वाले गुजराती समाज में भी पतंगबाजी कर संक्राति सेलिब्रेट किया गया। इस दौरान बच्चों ने नई- नई पतंग लेकर पतंग काटी और खूब इंजाय किया।

### मनाया गया पोंगल

मकर संक्राति पर तमिल और तेलगू लोग पोंगल और एक दिन पहले भोगी का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर घर के आंगन को रंगोली से सजाकर गन्ने का मंडप बनाया और उसके नीचे आम की लकड़ी से चूल्हा जलाकर उसमें खीर और खिचड़ी बनाई गई और भगवान को भोग लगायागया। इस अवसर पर बालाजी मंदिर, गणेश मंदिर सहित अन्य मंदिरों में लोग अपने इष्ट के दर्शन कर दान-पुण्य किया और बुजुर्गो का आर्शिवाद लिया।





### बच्चों को बांटा खिचड़ी और लड्डू

**भिलाई।** रूपाली महतारी गुड़ी स्व सहायता समूह उरला बहुउद्देशीय संस्था भिलाई द्वारा आंगनबाड़ी, बाल गृह, माना कैम्प रायपुर और दुर्ग रेल्वे स्टेशन हनुमान मन्दिर, शासकीय प्राथमिक शाला सरदा में खीचड़ी के साथ साथ तिल्ली लड्डु, राजगीरा लड्डु, मुर्रा लड्डू का वितरण किया गया। इस दौरान संस्था संरक्षक प्रतिभा मनचन्दा, पुरण मनचन्दा, मंजुला, ज्योति, शैली, ख्याति, रेनू, शीतल, समृति, प्रीति, कोकिला, अंजू देवांगन, नेहा देवांगन, हरिकृपा, बिन्दु ठाकुर, समुह अध्यक्ष नन्दनी साहु, मिनेष साहु, खिलेश्वरी साहु और शांता शर्मा का सहयोग रहा।



## दिल्ली में विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग में कृष्णा को मिली जगह, प्रधानमंत्री ने दी शाबाशी

**भिलाई।** रुंगटा इंटरनेशनल स्किल्स यूनिवर्सिटी के छात्र और राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक कृष्णा रेड्डी का चयन विकसित भारत युवा नेता संवाद–2026 के लिए हुआ है। इस कार्यक्रम में देशभर से करीब 50 लाख विद्यार्थियों ने भाग लिया था, जिनमें से कड़ी चयन प्रक्रिया के बाद केवल 1500 युवाओं को नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित राष्ट्रीय संवाद के लिए आमंत्रित किया गया। कृष्णा रेड्डी ने चयन के लिए 4 चरणों की प्रक्रिया पूरी की। इसमें राष्ट्रीय स्तर की प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, निबंध लेखन, प्रस्तुतीकरण और साक्षात्कार शामिल थे। युवा, लोकतंत्र और शासन विषय पर दिए गए प्रस्तुतीकरण में उन्होंने 74 प्रतिशत अंकों के साथ चौथा स्थान हासिल किया। इसके बाद साक्षात्कार चरण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उन्होंने राज्य स्तर पर दूसरा स्थान हासिल किया और राष्ट्रीय संवाद के लिए चयनित हुए। कार्यक्रम से पहले छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से चयनित 45 युवाओं को रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास में विदाई समारोह के लिए आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने प्रतिभागियों से संवाद किया।

नई दिल्ली में कार्यक्रम का उद्घाटन हुआ। कृष्णा रेड्डी को युवा, लोकतंत्र और शासन विषय समूह में स्थान मिला, जिसमें



छत्तीसगढ़ से कुल 6 प्रतिभागी शामिल थे। अगले दिन विभिन्न राज्यों के विशेषज्ञों के साथ विचार-विमर्श सत्र छग के वित्त मंत्री ओ पी चौधरी भी उपस्थित रहे। समापन समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चयनित युवाओं से सीधा संवाद किया और उनके सुझावों को विकसित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण बताया। कृष्णा रेड्डी की इस उपलब्धि पर रुंगटा यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति संतोष रूंगटा, कुलपति डॉ जवाहर सूरीशेट्टी, प्रो चांसलर डॉ सौरभ रुंगटा, सीईओ सोनल रुंगटा, कुलसचिव डॉ एजाजुद्दीन और एनएसएस अधिकारी डॉ सत्यधर्म भारती ने हर्ष व्यक्त किया।

## त्रिदिवसीय आध्यात्मिक सद्ज्ञान महायज्ञ निर्मल ज्ञान मंदिर में

**भिलाई।** त्रिदिवसीय आध्यात्मिक सद्ज्ञान महायज्ञ का 57वां वार्षिक स्थापना महोत्सव 23, 24 और 25 जनवरी को निर्मल ज्ञान मंदिर कबीर आश्रम नेहरू नगर भिलाई में आयोजित की जा रही है। इस कार्यक्रम में क्रांतिकारी युवा संत अभय साहेब संस्थापक कबीर पारख निकेतन कहलगांव जिला भागलपुर बिहार से उपस्थित होकर संत कबीर के वाणी का आध्यात्मिक महत्व को भक्त जनों के समक्ष रखेंगे।

इस पूरे कार्यक्रम में ध्वजारोहण, मंगलाचरण, गुरु वंदना, भजन सत्संग के अलावा ध्यान योग शिविर का आयोजित होंगे।



यह कार्यक्रम कबीर आश्रम ट्रस्ट और प्रबंधन समिति द्वारा प्रतिदिन दो सत्रों में आयोजित किए जाएंगे।

आयोजन समिति ने भक्तों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर सत्संग लाभ लेने की अपील की है।

कार्नर न्यूज

## युवा वैदिक मूल्यों को अपनाएं, तो समाज सशक्त और बनेगा संस्कारित

**भिलाई।** आर्य समाज के तत्वावधान में मकर संक्रांति पर्व को वैदिक परंपराओं के साथ हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर आचार्य डॉ. अजय आर्य ने कहा कि मकर संक्रांति केवल एक पर्व नहीं, बल्कि अंधकार से प्रकाश की ओर अज्ञान से ज्ञान की ओर और असंयम से संयम की ओर अग्रसर होने का प्रतीक है। यह पर्व हमें जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर आचार्य अंकित शास्त्री ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि मकर संक्रांति आत्मशुद्धि, चरित्र निर्माण और राष्ट्र निर्माण का संदेश देती है। युवा यदि वैदिक मूल्यों को अपनाएं, तो समाज सशक्त और संस्कारित बन सकता है।

**मांसाहार का त्याग करने लिया संकल्पः** आर्यवीर दल दुर्ग-भिलाई द्वारा आयोजित कार्यक्रम में लगभग 2 सौ युवक-युवतियों ने वैदिक यज्ञ कर यज्ञोपवीत धारण किया। मदिरा, नशा, व्यसन और मांसाहार का त्याग करने का संकल्प लिया। यह आयोजन समाज में नैतिक जागरण की दिशा में एक सराहनीय पहल माना जा रहा है। इस अवसर पर अवनी भूषण और प्रवीण गुप्ता ने सभी शहरवासियों को मकर संक्रांति पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व समाज में सद्भाव, संयम और संस्कारों को मजबूत करता है।

## मकर संक्रांति प्रकाश की ओर चलने का पर्व, 200 युवक-युवतियों ने यज्ञोपवीत धारण कर नशा और मांसाहार छोड़ने का लिया संकल्प

### भेंट की पुस्तक

कार्यक्रम में कृष्णमूर्ति आर्य आर्यवीर दल अधिष्ठाता छत्तीसगढ़ और दुर्ग जिला संचालक हिमांशु आर्य दुर्ग जिला मंत्री, राज कुमार भल्ला आर्यवीर दल अधिष्ठाता सेक्टर-6, आचार्या गीता वेदालंकार संचालिका, आर्य वीरांगना दल छत्तीसगढ़, कविता आर्या प्रांतीय मंत्री, साक्षी आर्या प्रांतीय कोषाध्यक्ष और तुषार आर्य प्रांतीय प्रचार मंत्री, अवनी भूषण पुरंग, मनोज आर्य, संजय आर्य, आचार्य दिलीप, आचार्य संदीप, आचार्य अंकित शर्मा, वसंत वर्मा, राजेश यादव, रामनिवास गुप्ता और रवि आर्य सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे और सभी ने आयोजन की सराहना की। आर्य समाज और आर्यवीर दल के इस आयोजन ने समाज में वैदिक संस्कृति, नशामुक्ति एवं सदाचार के संदेश को सशक्त रूप से प्रसारित किया। डॉ अजय आर्य ने विजय कुमार गुप्ता को सत्यार्थ प्रकाश भेंट किया।





सिटी इवेंट

## फूलों की प्रदेश स्तरीय प्रदर्शनी में डॉ. विद्या नायडू को मिला सम्मान



**दुर्ग।** सिविल लाइंस गांधी उद्यान में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, उद्यानिकी विभाग, महात्मा गांधी उद्यानिकी और वानिकी विश्वविद्यालय, नाबार्ड और नगर निगम रायपुर के संयुक्त तत्वावधान फूलों की प्रदेश स्तरीय प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी में फूलों की 50 से अधिक किस्मों में प्रमुख गेंदा, गुलाब, चमेली, रजनीगंधा, बोगनवेलिया, मोंगरा, अपराजिता, हरसिंगार और विभिन्न ऑर्किड जैसे भारतीय व विदेशी फूलों की सजी बगिया सजाने का कला बागवानी विशेषज्ञों से जाना गया। साथ ही शहरवासी को भी टैरेस गार्डनिंग, बागवानी, बोनसाई आर्ट, फूल, फल, सब्जी की खेती और उत्पादन की जानकारी ने प्रकृति को संवारने की ओर प्रेरित किया। प्रदर्शनी में फूलों की महक और सुंदरता ने प्रकृति प्रेमिका दिवसीय फूल प्रदर्शनी से गांधी उद्यान प्रकृति से गुलजार हुआ। इस दौरान दुर्ग की डॉ. विद्या नायडू को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। डॉ. नायडू पिछले 20 साल से घर को भी फूलों से गुलजार कर रखा है। प्रदर्शनी तीन दिनों तक चली। प्रकृति प्रेमियों का आकर्षण का केंद्र बना रहा। यहां पहुंच कर बच्चे-बड़े सभी ने प्रकृति को नजदीक से जाना भी और उसे अपने जीवन का हिस्सा बनाते दिखे। फूल प्रदर्शनी में सोसायटी के बच्चों ने पेड़, सूर्य, फूल, पानी, हवा, एनीमल्स के गेटअप में मंच पर आकर प्रकृति को संवारने का सजीव संदेश दिया। प्रतिभागी बच्चों ने फैसी ड्रेस, गीत, कविता से अपने प्रतिमा का प्रदर्शन किया। बच्चों की इस प्रतिमा को आयोजक मंडल ने प्रमाण पत्र और गिफ्ट देकर मोटिवेट किया। डॉ. नायडू ने सम्मान मिलने पर कहा कि दुर्ग में भी ऐसे आयोजन होने चाहिए। ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग पौधे लगाने प्रेरित हो सकें।



समाज लाइव

## संविधान को लेकर लोगों को जागरूक करने हुआ व्याख्यान



**दुर्ग।** भारतीय संविधान के 75 वर्ष पूर्ण होने पर देश के संविधान का अमृत महोत्सव मना रहा है। इस उपलक्ष्य में संगीत, कला, साहित्य एवं रंगमंच के प्रति समर्पित संस्कार भारती संस्था दुर्ग जिला-इकाई एवं भारत विकास परिषद दुर्ग जिला इकाई के संयुक्त तत्वावधान में जनमानस को भारत के संविधान के प्रति जागरूक एवं उसकी गरिमा को प्रतिपादित करने के उद्देश्य से एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। घनश्याम कॉलेज आर्य नगर के सभागार में हुए व्याख्यान में डॉ. नागेन्द्र शर्मा अधिवक्ता, आभा रानी गुप्ता अध्यक्षा दयानंद शिक्षा समिति, अनिल डागा राष्ट्रीय सदस्य भारत विकास परिषद मौजूद थे। संस्कार भारती दुर्ग जिला इकाई अध्यक्ष कीर्ति माधव व्यास, प्राचार्य डॉ. नीतू सिंह, मोतीलाल भंडारी ने विचार रखे। संस्कार भारती के ध्येय गीत का गान कीर्ति व्यास एवं हेमंत सगदेव ने किया। कीर्ति व्यास ने संस्कार भारती द्वारा किये जा रहे कार्यों पर प्रकाश डाला। डॉ. नागेन्द्र शर्मा ने बताया कि किस प्रकार संविधान भारत के नागरिकों के मूलभूत अधिकारों एवं देश के सार्वभौम की रक्षा करता है। इस अवसर पर आचार्य डॉ. महेशचंद्र शर्मा, शशिकला नायडू, संजय तनखीवाले, विकास पांडे, हेमंत जगम, किशोर टाटीबंधवाले, अविनाश रेवतकर सहित अन्य मौजूद थे।

## वायएचएआई के सुनील अध्यक्ष, दुर्ग-भिलाई से सुब्रमण्यम और देवांगन भी निर्वाचित



**भिलाई।** यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इण्डिया की छत्तीसगढ़ राज्य शाखा के सत्र 2026 - 2029 के त्रैवार्षिक निर्वाचन संपन्न हुआ। निर्वाचन में राष्ट्रीय कार्यालय द्वारा बिहार राज्य से नियुक्त पर्यवेक्षक मोहन कुमार की विशेष उपस्थिति रही। सभी पदों पर निर्वाचन निर्विरोध हुआ। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा को मुख्य संरक्षक मनोनीत किया गया। निर्वाचन के पश्चात मुख्य संरक्षक शर्मा ने कहा कि वे यूथ हॉस्टल्स एवं उसके सदस्यों के हित में अपना सर्वोत्तम योगदान देने का हर संभव प्रयास करेंगे। निर्वाचन में सुनील विश्नोई और सतीश शुक्ला, हुकुमचंद जैन, शैलेश शुक्ला उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए। इसी तरह के सुब्रमण्यम दुर्ग भिलाई को सचिव और सुबोध देवांगन को संगठन सचिव मनोनीत किया गया। इसके अतिरिक्त विभिन्न समितियों के लिए ऋषिकांत तिवारी दुर्ग- भिलाई को पर्यावरण संरक्षण समिति सदस्य, भास्कर चौरसिया को सांस्कृतिक कार्यक्रम समिति सदस्य मनोनीत किया गया। सुनील विशोई, संदीप सेठ, डा. अनंत नारायण दीक्षित, शैलेश शुक्ला, अशोक झाबक, के सुब्रमण्यम, राहुल गुप्ता, डा. निशांत अग्रवाल को भी राष्ट्रीय काउंसिल में मनोनीत किया गया। सुबाश पांडा, योगेश गुप्ता, राहुल गुप्ता और प्रेम लाल नीरेंद्र को स्टेट काउंसिल में मनोनीत किया गया। राज्य कार्यकारिणी के लिए वरुण जैन, अजय जैसवाल, पंकज मेहता और प्रियम खरे को मनोनीत किया गया है।

## साधना सरगम नाइट 24 को

**भिलाई।** भिलाई इस्पात प्रबंधन द्वारा सेल स्थापना दिवस के गौरवशाली अवसर पर 24 जनवरी को भिलाई क्लब क्रिस्टल गार्डन में शाम 7:30 बजे से 'साधना सरगम नाईट' का आयोजन किया जा रहा है। क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएँ विभाग के तत्वावधान में आयोजित इस विशेष संगीतमय संध्या में पार्श्व गायिका साधना सरगम सुरीले गीत प्रस्तुत करेंगी। कार्यक्रम मे संगतकार के रूप में वादक कलाकार भूमिका निभाएंगे।

● उच्च शिक्षितों को जीवनसाथी चुनने में बहुत कठिनाइयां, मन पसंद जीवनसाथी चुनने आयोजन

# तारक मेहता का उल्टा चश्मा फेम बावरी मोनिका भदोरिया ने युवक-युवतियों का लिया परिचय

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच का दो दिवसीय एजुकेटेड परिचय सम्मेलन रायपुर में निरंजन धर्मशाला में आयोजित किया गया। जिसमें 300 युवक और युवतियों ने सुयोग्य जीवनसाथी चुनने अपना परिचय दिया। इस अवसर पर भिलाई-दुर्ग सहित अन्य जिलों से लोग परिवार सहित पहुंचे हुए थे। इस वर्ष का परिचय सम्मेलन हाईटेक पद्धति से कराया गया। जिसकी सभी ने सराहना की। कार्यक्रम में टीवी शो तारक मेहता का उल्टा चश्मा फेम बावरी मोनिका भदोरिया ने युवक-युवतियों से आकर्षक ढंग परिचय लेते हुए आयोजन में आकर्षण का केंद्र रहे। जानकारी देते हुए युवा अग्रवाल मंच के संरक्षक कन्हैया अग्रवाल और हरि बल्लभ अग्रवाल, अध्यक्ष नितेश अग्रवाल ने बताया कि पिछले 14 वर्षों से अग्रवाल युवा मंच द्वारा परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि पूरे देश से अग्रवाल युवक और युवतियां शामिल होते हैं।







### ऐसे आयोजन मनपसंद साथी चुनने के लिए महत्वपूर्ण मंच, आगे भी आयोजन की तैयारी

कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर चरण दास महंत ने कहा की इस तरह के आयोजन से वैवाहिक संबंध में सरलता आती है, युवक और युवतियों को अपना मनपसंद साथी चुनने के लिए इस प्रकार का एक महत्वपूर्ण मंच मिलता है। सम्मान समापन समारोह में उपस्थित बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि युवा मंच का यह कार्यक्रम सराहनीय है। युवा मंच एक प्रकार से माता-पिता की भूमिका निभाकर यह पुण्य कार्य कर रहा है।

### उच्च शिक्षित बच्चों के लिए आयोजन

कार्यक्रम के सहसंयोजक संजय गर्ग, मनोज अग्रवाल, पंकज और कृतिका ने कहा कि आज समाज में उच्च शिक्षित बच्चों के लिए जीवनसाथी चुनने में बहुत कठिनाइयां आती हैं, यह परिचय सम्मेलन का एक बड़ा आयोजन है जिसमें युवक युवतियों को अपना मनचाहा जीवन साथी मिलता है। युवा मंच के निवृतमान अध्यक्ष कन्हैया गोयल और आशीष सक्सेरिया ने कहा कि कार्यक्रम में परिचय हाईटेक पद्धति से कराया गया। कार्यक्रम में टीवी शो तारक मेहता का उल्टा चश्मा फेम बावरी मोनिका भदोरिया ने युवक- युवतियों से आकर्षक ढंग परिचय लिया। कार्यक्रम में दुर्ग से महेंद्र सक्सेरिया, नेतराम अग्रवाल, जयदेव सिंघल, विजय अग्रवाल, सुधीर अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित थे।

विधायक की पहल

## एक्स-रे के साथ अब 1 रुपए में डायलिसिस भी, विधायक ने की घोषणा



- विधायक कार्यालय ब्लड सैंपल से 31 तरह के फ्री टेस्ट, एक्स-रे और अब डायलिसिस की भी सुविधा

**भिलाई।** वैशाली नगर विधायक आम लोगों को मेडिकल सुविधा देने के लिए हर दिन एक ना एक घोषणा कर रहे हैं। फ्री ब्लड टेस्ट, एक रुपए में एक्सरे के बाद उन्होंने मकर संक्रांति के दिन 1 रुपये में एक्स-रे की सुविधा शुरू करने का ऐलान किया। इससे वैशाली नगर विधानसभा के रहवासियों को बड़ी राहत मिलेगी। घोषणा के तहत हर दिन 5 लोग डायलिसिस के लिए विधायक कार्यालय में संपर्क कर सकेंगे।

रिकेश सेन ने कहा कि जब गुर्दे (किडनी) शरीर से विषाक्त पदार्थों, अतिरिक्त तरल पदार्थ और अपशिष्ट को ठीक से फ़िल्टर नहीं कर पाते, जिससे ये रक्त में जमा होने लगते हैं। इससे जान का खतरा भी बढ़ जाता है। डायलिसिस एक कृत्रिम प्रक्रिया है जो गुर्दों का काम करती है, खासकर गंभीर किडनी फेलियर में डायलिसिस जीवन बचाने वाला, एक अस्थायी या स्थायी उपाय है जब तक प्रत्यारोपण नहीं हो जाता।विधायक सेन ने बताया कि लगभग 2 लाख से अधिक आबादी वाली वैशाली नगर विधानसभा में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर लगातार उनका प्रयास जारी है ताकि लोगों के स्वस्थ्य जीवन के लिए आवश्यक जागरूकता के साथ ही स्वास्थ्य सेवाएं सरल ढंग से सहजतापूर्वक पहुंच सकें। फ्री ब्लड टेस्ट, एक रुपये में एक्स-रे की सेवा इस विधानसभा में जारी है। 15 फरवरी से 1 रुपये में डायलिसिस की सेवा भी शुरू हो गई है। इसके लिए लोग विधायक कार्यालय जीरो रोड शांति नगर में सम्पर्क कर सेवा का लाभ ले सकेंगे।

नवीनतम अनुसंधानों पर हुई चर्चा

## आईआईटी भिलाई के शोधकर्ताओं को अंतरराष्ट्रीय पॉलिमर विज्ञान सम्मेलन में मिला पोस्टर पुरस्कार



**दुर्ग।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान भिलाई के शोधकर्ताओं ने एसपीएसआई मैक्रो 2025 अठारहवें अंतरराष्ट्रीय पॉलिमर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी सम्मेलन में सर्वश्रेष्ठ पोस्टर पुरस्कार प्राप्त कर संस्थान का नाम रोशन किया है।

यह प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान खड़गपुर अनुसंधान उद्यान, न्यू टाउन, कोलकाता द्वारा आयोजित किया गया। सम्मेलन में पॉलिमर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में हो रहे नवीनतम अनुसंधानों और तकनीकी विकासों पर विचार-विमर्श हेतु विश्वभर से प्रमुख वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों तथा औद्योगिक विशेषज्ञों ने भाग लिया। आईआईटी भिलाई के रसायन विज्ञान विभाग के तीन शोधार्थियों को, जो डॉ. संजीब बैनर्जी के मार्गदर्शन में शोध कार्य कर रहे हैं, उनकी उत्कृष्ट पोस्टर प्रस्तुतियों के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया। शोधार्थी स्वरूप माईती को उनके शोध कार्य समायोज्य कंपन अवशोषण और प्रभाव सहनशीलता वाले स्व-उपचारक इलास्टोमरों के लिए गतिशील गैर-सहसंयोजक नेटवर्क का विकास विषय पर सर्वश्रेष्ठ पोस्टर पुरस्कार प्रदान किया गया। यह शोध प्रभाव सुरक्षा एवं कंपन अवशोषण के लिए उन्नत इलास्टोमेरिक सामग्रियों पर केंद्रित है। निशिकांत को उनके पोस्टर अत्यंत सूक्ष्म सल्फर-बिंदुओं द्वारा मध्यस्थित सरल प्रकाश-प्रेरित बहुलकीकरण के माध्यम से त्रि-आयामी मुद्रण हेतु स्मार्ट इंजेक्टेबल स्याही का निर्माण विषय पर सम्मानित किया गया, जिसमें अगली पीढ़ी की योगात्मक विनिर्माण तकनीकों के लिए नवीन बहुलकीकरण रणनीतियाँ प्रस्तुत की गई हैं। वहीं सुदीप्त पॉल को उनके शोध कार्य स्मार्ट खिड़की और सुरक्षा अनुप्रयोगों हेतु पराबैंगनी किरण अवरोधक ताप-संवेदी बहुक्रियात्मक पॉलिमरिक संरचना के लिए सर्वश्रेष्ठ पोस्टर पुरस्कार प्राप्त हुआ। यह शोध स्मार्ट एवं ऊर्जा-कुशल तकनीकों के लिए पॉलिमर आधारित समाधान प्रस्तुत करता है। संस्थान के संकाय सदस्यों एवं शोधार्थियों ने पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी है।

स्वस्थ भारत- समर्थ भारत निर्माण के लिए किया सामूहिक सूर्य नमस्कार

# सूर्य नमस्कार से शरीर बनता है ऊर्जावान किया सामूहिक अभ्यास, लोगों को भी संदेश



कार्नर न्यूज

**भिलाई।** युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानंद की 164वीं जयंती पर इंटरनेशनल नेचुरोपैथी ऑर्गनाइजेशन छत्तीसगढ़ द्वारा स्वस्थ भारत समर्थ भारत निर्माण अभियान की शुरुआत सेक्टर 9 शारदा पब्लिक स्कूल के सभागार में हुई। राष्ट्रीय अध्यक्ष आनंद बिरादर और छत्तीसगढ़ प्रभारी अंतिम जैन के द्वारा बच्चों को सूर्य नमस्कार का अभ्यास कराया गया। यह अभियान 25 जनवरी रथ सप्तमी तक लगातार अन्य राज्य के जिलों में स्थित शालाओं, महाविद्यालय में सामूहिक सूर्य नमस्कार के आयोजन किए जाएंगे। आयोजन की जानकारी देते हुए इंटरनेशनल नेचुरोपैथी आर्गेनाइजेशन के स्टेट कन्वीनर मनोज ठाकरे ने अभियान के उद्देश्य के बारे में बताया कि 5 हजार वर्ष पुरानी सूर्य नमस्कार की परंपरा हमारे शरीर और जीवन को नई ऊंचाई प्रदान करती है और शरीर ऊर्जावान बनता है। सूर्य नमस्कार की 12 क्रियाएं आलस्य से दूर रखकर व्यक्ति को स्वस्थ और ऊर्जावान बनता है।



### गायत्री मंत्र व शंख ध्वनि की गई

सामूहिक सूर्य नमस्कार अभियान का उद्घाटन स्वामी विवेकानंद के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर गायत्री मंत्र और शंख ध्वनि की गई। इस दौरान दिनेश सिंह, ममता साहू योग गुरु, आदित्य टंडन और योगाचार्य बिसेन संगीत के कलाकार मिथुनदास, ध्यान कला केंद्र की नीता चौरसिया उपस्थित थे।



### पैदल मार्च निकाला गया

स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर मां शारदा पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने एक पैदल मार्च रैली निकाली, जिसमें स्वामी विवेकानंद अमर रहे, वंदे मातरम, भारत माता की जय के नारे लगाकर स्वामी के चित्र को लेकर सेंट्रल एवेन्यू पर भ्रमण किया। नेचुरोपैथी केंद्र की प्रमुख डॉ निर्मला गुप्ता ने सूर्य नमस्कार के महत्व की जानकारी देते हुए सामूहिक सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, वृक्षासन, प्राणायाम सहित 12 प्रमुख आसन किये गए। इस अवसर पर दिनेश सिंह, योग गुरु ममता साहू, योगाचार्य बिसेन, गीत वितान कला केंद्र के मिथुन दास, संयोजक मनोज ठाकरे, सहज नेचुरोपैथी योग केंद्र डॉ निर्मल गुप्ता, मार्शल आर्ट अकादमी संगीता लहरी, किशोर कनोजे, नेचुरोपैथिस्ट डॉ निर्मल गुप्ता, योग नेचुरोपैथीस्ट आदित्य टंडन, आशीष गोरहा, मां शारदा पब्लिक स्कूल प्राचार्य डॉ समय रेखा सारंगी, प्रशांत क्षीरसागर, किशोर कनोजे, मोहन, योगाचार्य विनोद राय सहित 271 स्कूली विद्यार्थी उपस्थित थे।

## सिटी स्पोर्ट्स

### सब जूनियर नेशनल रग्बी के लिए छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी हुए रवाना



**रायपुर।** सब-जूनियर बालिका (अंडर-15) नेशनल रग्बी सेवेन्स चैम्पियनशिप 16 और 17 जनवरी को एथलेटिक प्रैक्टिस ग्राऊंड, कलिंगा स्पोर्ट्स काम्पलेक्स, भुवनेश्वर (ओडिशा) में आयोजित है। यह चैम्पियनशिप खेल एवं युवा सेवा विभाग, ओडिशा शासन के तत्वाधान में ओडिशा रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन द्वारा आयोजित की जा रही है। उक्त प्रतियोगिता के लिए छत्तीसगढ़ रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन से सब-जूनियर बालिका की टीम हिस्सा ले रही है। टीम गुरुवार को भुवनेश्वर (ओडिशा) के लिए रवाना हुई। छत्तीसगढ़ रग्बी टीम में शामिल खिलाड़ियों में नंदिनी निषाद, निशा ध्रुव, जिया खान व प्रियंका (महासमुंद), अंजली (कोरबा), कीर्ति व प्राप्ति (बिलासपुर), शेफाली, साधना (चांपा), आरूषि (दुर्ग) तथा जया व आयशा (रायपुर) जिले से हैं। इनकी कोच-हेमा बंजारे तथा मैनेजर-जी. अविनाश हैं। छत्तीसगढ़ रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप ने इस चैंपियनशिप के लिए राज्य की सब-जूनियर बालिका टीम को शुभकामनाएं दी है।

### दुर्ग, बीसीए रायपुर और राजनांदगांव ने जीते अपने मैच




**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर-19 एलिट ग्रुप अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत गुरुवार को रोमांचक मुकाबला हुए। धमतरी में टीम बीएसपी के विरुद्ध दुर्ग ने 229 रन से जीत हासिल की एवं 6 अंक प्राप्त किया। न्यू ग्राउंड कांकेर टीम भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) ने प्लेट कंबाइंड के विरुद्ध 39 रन से जीत के साथ 6 अंक प्राप्त किए। इसी तरह साइंस कॉलेज राजनंदगांव में टीम रायपुर ब्लू ने कांकेर के विरुद्ध एक पारी एवं 87 रन से जीत के साथ7 अंक हासिल किया। दल्ली राजहरा में टीम राजनंदगांव ने बिलासपुर ब्लू के विरुद्ध 177 रन से जीत के साथ 6 अंक हासिल की।

### डुंगरपुर ट्रॉफी में छत्तीसगढ़ के आदित्य ने बनाए सर्वाधिक 45 रन



**रायपुर।** सेन्ट्रल जोन द्वारा राजसिंह डुंगरपुर अंडर 14 ट्राफी में छत्तीसगढ़ का पहला मैच राजस्थान के विरुद्ध इंदौर में खेला गया। छत्तीसगढ़ ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। राजस्थान ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 57 ओवरों में 10 विकेट खोकर 213 रन बनाये। राजस्थान की ओर से उत्सव शर्मा ने 47 रन तथा अभिमन्यु चौधरी ने नाबाद 36 रन बनायें। छत्तीसगढ़ की ओर से हर्ष साहु ने 4 विकेट तथा गर्व सचदेव ने 2 विकेट प्राप्त किये। पहले दिन की समाप्ति तक छत्तीसगढ़ ने अपनी पहली पारी में 31 ओवरों में 02 विकेट के नुकसानपर 102 रन बना लिये हैं। छत्तीसगढ़ के लिये आदित्य ने सर्वाधिक ने 45 रन तथा युवराज ने 27 रन बनाये। पहले दिन की समाप्ति तक छत्तीसगढ़ 111 रनों से पीछे हैं।

### अंतर विश्वविद्यालय बॉल बैडमिंटन स्पर्धा के लिए एयू की टीम हुई रवाना



**रायपुर।** अंतर विश्वविद्यालय बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन, भारतीदसान विश्वविद्यालय के जमाल मोहम्मद कॉलेज, तिरुचिरैपल्ली तमिलनाडु मे 14 से 17 जनवरी तक आयोजित है। जिसमें अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बॉल बैडमिंटन टीम शामिल है। विवि के खिलाड़ियों में भारत मांझी (कप्तान), वसुदेव श्रीवास, मयूर विश्वकर्मा, आयुष डहरिया, देवांशु भानु, रितेश साहू, लोकेश गोयल, ब्रिज लाल सिदार, प्रीतम पटेल, सुरेंद्र सिंह, विनय डहरिया (कोच), साहनी राम चौहान (मैनेजर) शामिल है। इस अवसर पर अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के कुलपति एडीएन वाजपेयी, कुलसचिव डॉ तार्निश गौतम, स्पोर्ट्स डायरेक्टर डॉ प्रमोद तिवारी आदि सभी ने खिलाड़ियों को बधाई दी है।

तेजी से बढ़ रही है कान से जुड़ी समस्याएं, सचेत रहना जरूरी

# छोटी सी लापरवाही आपको बना सकती है बहरा, बच्चों-युवाओं में देखा जा रहा सबसे ज्यादा खतरा

कम सुनाई देने या बहरेपन की समस्या पिछले एक दशक में काफी तेजी से बढ़ती देखी गई है। आश्चर्यजनक रूप से बच्चों-युवाओं में इसका जोखिम तेजी से बढ़ा है। आंकड़ों पर नजर डालें तो पता चलता है कि वैश्विक स्तर पर 34 मिलियन (3.4 करोड़) से अधिक बच्चों में बहरेपन या सुनने की क्षमता में कमी देखी गई है, जिनमें से 60% मामले ऐसे हैं जिन्हें रोका जा सकता था।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, 60 वर्ष से अधिक उम्र के लगभग 30% लोगों में सुनने की क्षमता कम होने लगती है, हालांकि जिस प्रकार से कम उम्र के लोगों में इसका जोखिम देखा जा रहा है वह काफी चिंताजनक स्थिति है। बहरेपन की बढ़ती समस्या के लिए विशेषज्ञों ने जिन कारणों को जिम्मेदार पाया है, उनमें बार-बार तेज आवाज के संपर्क में आने से कानों को होने वाली क्षति प्रमुख है। विशेषज्ञ कहते हैं, ईयरफोन-हेडफोन या फिर लाउडस्पीकर-साउंड की तेज आवाज के संपर्क में रहना आपके लिए हानिकारक हो सकता है। युवाओं में ईयरफोन-हेडफोन का इस्तेमाल अधिक देखा जा रहा है जो कानों के लिए गंभीर समस्याकारक हो सकती है।



### ईयरफोन-हेडफोन की तेज ध्वनि नुकसानदायक

अध्ययन की रिपोर्ट से पता चलता है कि ईयरफोन-हेडफोन की ध्वनि जितनी तेज होगी, श्रवण हानि होने का खतरा उतना अधिक हो सकता है। इन उपकरणों का एक्सपोजर जितना लंबा होगा, बहरेपन का जोखिम भी उतना अधिक बढ़ जाता है। इन उपकरणों का इस्तेमाल या तो बहुत कम करें या फिर आवाज को बिल्कुल कम रखें। ध्वनि को डेसीबल (dB) में मापा जाता है, यह जितना अधिक होगा कानों की नाजुक मांसपेशियों को क्षति पहुंचने का खतरा उतना बढ़ जाता है। तेज शोर के कारण आंतरिक कान की मांसपेशियों को नुकसान हो सकता है।

### कितनी तेज आवाज है खतरनाक?

अध्ययनकर्ता मानते हैं कि 30-50 डीबी की आवाज में कुछ समय के लिए इन उपकरणों का इस्तेमाल किया जा सकता है। हालांकि जैसे-जैसे ये बढ़ता जाता है, दुष्प्रभाव भी बढ़ने लगते हैं। लंबे समय तक 70 डीबी से ऊपर की आवाज आपकी सुनने की क्षमता को नुकसान पहुंचाना शुरू कर सकती है। 120 डीबी से ऊपर का तेज शोर आपके कानों को तत्काल नुकसान पहुंचा सकता है। हालिया शोध में पाया गया है कि कुछ घंटों तक 80 डीबी तीव्रता वाली आवाज आपको बहरा भी बना सकती है।



### अध्ययन में क्या पता चला?

बीएमजे पब्लिक हेल्थ में प्रकाशित शोधपत्र में 14 अध्ययनों की समीक्षा की गई, जिसमें कुल मिलाकर 50,000 से अधिक लोग शामिल थे। शोधकर्ताओं ने पाया कि जो बच्चे लंबे समय तक हेड फोन्स लगाकर गेम खेलते हैं उनमें बहरेपन का जोखिम अधिक देखा गया है।



शोधकर्ता कहते हैं, जिन लोगों ने 80-90 डीबी की तीव्रता में सप्ताह में तीन घंटे से अधिक समय तक आवाज वाले उपकरणों का इस्तेमाल किया उनमें कम सुनाई देने या बहरेपन का जोखिम अधिक था।

### बच्चों को हेडफोन्स के अधिक इस्तेमाल से रोकें

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, श्रवण हानि या टिनिटस जैसी कानों की समस्याओं से बचाव के लिए साउंड या अन्य उपकरणों से निकलने वाली ध्वनि को कम रखें। वॉल्यूम हमेशा 50% से कम ही रखें है। कानों को आराम देने के लिए नियमित ब्रेक लें। यदि आप शोर-शराबे वाले वातावरण में रहते हैं तो नॉइस कैंसिलेशन वाले उपकरणों का प्रयोग करें। वहीं अगर कुछ समय से सुनने में दिक्कत या कानों में दर्द-असहजता बनी हुई है तो समय रहते डॉक्टर से मिलकर जांच जरूर कराएं। बच्चों को हेडफोन्स के अधिक इस्तेमाल से रोकना भी आवश्यक है।

## स्कूल क्रिकेट में एमजीएम चैम्पियन



**भिलाई।** भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) द्वारा आयोजित अंतर शालेय क्रिकेट प्रतियोगिता के गुरुवार को फाइनल मैच का रोमांच छाया रहा। सी-3 ग्राउंड हुडको में टीम एमजीएम सेक्टर 6 विरुद्ध श्री शंकराचार्य विद्यालय हुडको का मैच हुआ। जिसमें एमजीएम सेक्टर-6 ने 20 रन से जीत हासिल की। प्लेयर ऑफ़ द मैच आयुष्मान तिवारी रहे। बल्लेबाजी में एमजीएम ने 9 विकेट पर 196 रन बनाए। जिसमें सार्थक ने 63 रन, आयुष्मान तिवारी ने 52 रन, श्रेयांश सिंह ने 17 रन और आयुष प्रसाद ने 15 रन बनाएं। गेंदबाजी में शंकराचार्य विद्यालय के विधान ने तीन विकेट सोहम सिंह एवं आदित्य कनौजिया ने दो-दो विकेट लिए। बल्लेबाजी में श्री शंकराचार्य विद्यालय हुडको की टीम 176 रन पर आउट हो गई। जिसमें आदित्य कनौजिया ने 50 रन, खेम साहू ने 40 और सोहम सिंह ने 31 रन बनाए। गेंदबाजी में एमजीएम के शुभम, लक्ष्य पारख एवं आयुष्मान तिवारी ने दो-दो विकेट लिए। मैच के अंपायर मोहम्मद दाऊद अंसारी एवं हरिशंकर यादव, स्कोरर पल्लवी वर्मा एवं श्रेया पांडे थे। फाइनल मैच एवं पारितोषिक वितरण के मुख्य अतिथि पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी राजेश चौहान ने विजेता, उपविजेता टीम एवं प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। प्रतियोगिता के बेस्ट बैट्समैन आदित्य कनौजिया, बेस्ट बॉलर लक्ष्य पारख, बेस्ट फील्डर प्रशांत, बेस्ट विकेट कीपर अमिताभ सिंह एवं प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट सोहम सिंह रहे। इस दौरान बीसीए के सचिव भास्कर गोस्वामी ने सफल आयोजन के लिए छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर प्रोफेसर अमिताभ दत्ता, पी गोपाल राव, योगेश शाह, मोहम्मद तसलीम, एन अभिलाष, जी प्रेमनाथ, विक्रम दुबे, समीर शर्मा, बृजेश पांडे, वेंकटरमन, सुनील कुमार डड़सेना और विजश कनौजिया उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अभय सुधाकर मोहरिल ने किया। इस अवसर पर भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव भास्कर गोस्वामी एवं कोषाध्यक्ष यशजीत सिंह एवं टीएस राव भी उपस्थित थे। विजेता टीम के कोच मुकेश श्रीवास्तव है। इसके पूर्व प्रतियोगिता के फाइनल मैच का शुभारंभ एनआईएस एवं वरिष्ठ कोच पूरन शर्मा ने किया।

■ शंकराचार्य हुडको के विरुद्ध 20 रन से जीत

## खौलती हुई चाय पीने से बचें, हैं कई खतरे



तेज गर्म चाय या कॉफी पीने की आदत सेहत के लिए हानिकारक हो सकती है। डॉ. मनदीप सिंह के अनुसार, 65 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा तापमान वाले ड्रिंक मुंह, गले और भोजन नली को जला सकते हैं। यह बार-बार होने वाली डैमेज डीएनए को नुकसान पहुंचाकर भोजन नली के कैंसर का खतरा बढ़ा सकती है। कैंसर का खतरा कम करने के लिए चााय को थोड़ा ठंडा करके पीने की सलाह दी जाती है। डॉक्टरों के अनुसार, चाय या कॉफी में मौजूद तत्व कैंसर का कारण नहीं बनते। असली खतरा इनके ज्यादा तेज गर्म तापमान से होता है। जब कोई व्यक्ति लंबे समय तक बहुत गर्म पेय पीता है, तब इससे शरीर के संवेदनशील हिस्सों को नुकसान पहुंच सकता है।

### 65 डिग्री से ज्यादा गर्म ड्रिंक क्यों हैं खतरनाक?

डॉक्टर मनदीप सिंह बताते हैं कि यदि कोई व्यक्ति 65 डिग्री सेल्सियस या इससे ज्यादा तापमान वाला ड्रिंक बार-बार पीता है, तो इससे मुंह, गले और भोजन नली की अंदरूनी परत जल सकती है। बार-बार होने वाली यह जलन सूजन और छोटे घावों का रूप ले लेती है, जो आगे चलकर प्री-कैंसरस बदलावों का कारण बन सकती है।

### शोध क्या कहते हैं? कैंसर से जुड़ा बढ़ता खतरा

कई अंतरराष्ट्रीय रिपोर्ट्स में यह सामने आया है कि रेगुलर तेज गर्म चाय पीने से भोजन नली (इसोफेगस) के कैंसर के खतरे को बढ़ा सकता है।




## अपने शानदार खेल की बदौलत लक्ष्य पहुंचे क्वार्टर फाइनल में

**नई दिल्ली।** यहां जारी योनेक्स-सनराइज़ इंडिया ओपन 2026 में लक्ष्य सेन ने केंटा निशिमोटो को सीधे गेमों में हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई है। पूर्व चैंपियन लक्ष्य सेन ने अपनी मजबूत रक्षा और रफ्तार में समय पर किए गए बदलावों की बदौलत जापान के केंटा निशिमोटो को सीधे गेमों में शिकस्त दी, जबकि किदांबी श्रीकांत और एचएस प्रणॉय के जुझारू प्रदर्शन के बावजूद उनका सफर दूसरे दौर में समाप्त हो गया। यह मुकाबले योनक्स-सनराइज़ इंडिया ओपन 2026, एचएसबीसी बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर सुपर 750 टूर्नामेंट के अंतर्गत खेले गए, जिसका आयोजन बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम नई दिल्ली में किया जा रहा है।

■ श्रीकांत और प्रणॉय का संघर्षपूर्ण अभियान दूसरे दौर में समाप्त

लक्ष्य सेन ने निशिमोटो को 21-19, 21-11 से पराजित कर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। इससे पहले श्रीकांत को फ्रांस के क्रिस्टो पोपोव (जो बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल्स के विजेता हैं) के खिलाफ 21-14, 17-21, 21-17 से हार का सामना करना पड़ा, जबकि प्रणॉय आठवीं वरीयता प्राप्त सिंगापुर के लोह कीन यू से कड़े मुकाबले में 18-21, 21-19, 21-14 से हार गए।

महिला एकल में भी भारत की चुनौती समाप्त हो गई, जहां चीन की पांचवीं वरीयता प्राप्त हान यूए ने मालविका बंसोड़ को 21-18, 21-15 से हराया।

पहले गेम की शुरुआत में लक्ष्य सेन को निशिमोटो के खिलाफ लय पकड़ने में परेशानी हुई। भारतीय खिलाड़ी अपने शॉट्स की लंबाई को लेकर संघर्ष कर रहे थे। इंडियन ऑयल के कर्मचारी लक्ष्य पहले गेम में 11-16 और फिर 14-18 से पिछड़ गए थे, लेकिन उन्होंने लंबे रैलियों में अपने प्रतिद्वंद्वी को उलझाए रखा और शानदार रक्षात्मक शॉट्स के जरिए निशिमोटो के स्मैश को लौटाते हुए जोरदार वापसी की। लक्ष्य ने लगातार पांच अंक हासिल कर बढ़त बनाई और पहले ही अवसर पर पहला गेम अपने नाम कर लिया। दूसरे गेम में लक्ष्य कहीं अधिक आक्रामक और सटीक नजर आए। उन्होंने रफ्तार में बदलाव किया और मौका मिलते ही निर्णायक शॉट्स लगाए। आत्मविश्वास बढ़ने के साथ 24 वर्षीय खिलाड़ी ने हाफ स्मैश और चतुर ड्रॉप शॉट्स का बेहतरीन मिश्रण किया, जिससे उनका प्रतिद्वंद्वी असमंजस में रहा। लक्ष्य ने 50 मिनट में मुकाबला जीतकर क्वार्टरफाइनल में अपनी जगह पक्की की।

लक्ष्य ने कहा, "पहले गेम की शुरुआत में मेरी लय ठीक नहीं थी और मैं शटल को छोटा उठा रहा था, जिससे उसे ज्यादा आक्रमण करने का मौका मिल रहा था। बाद में मैंने शटल को लंबा उठाना शुरू किया और अपनी डिफेंस पर ध्यान दिया, और मुझे लगता है कि इससे पहला गेम मेरे पक्ष में गया।"लक्ष्य का अगला मुकाबला चीनी ताइपे के लिन चुन-यी से होगा, जिन्होंने आयरलैंड के न्यात गुयेन को 21-16, 21-17 से हराया। लक्ष्य ने आगे कहा, ""दूसरे गेम में मुझे पता था कि अगर मैं उसे उसका खेल खेलने का मौका दूंगा तो मुश्किल होगी, इसलिए मैंने अपनी गति में बदलाव किया और यह रणनीति कारगर रही।"

दिन के अन्य मुकाबलों में प्रणॉय ने लोह कीन यू के खिलाफ पहला गेम जीता और दूसरे गेम में तीन गेम पॉइंट बचाते हुए उलटफेर के करीब पहुंच गए। हालांकि, पूर्व विश्व चैंपियन लोह ने निर्णायक गेम में मैच की रफ्तार बढ़ा दी, जिसे भारतीय खिलाड़ी रणनीतिक रूप से संभाल नहीं सके। इससे पहले, श्रीकांत ने भी पोपोव के खिलाफ अपने आक्रामक खेल की झलक दिखाई, लेकिन फ्रांस के पहले वर्ल्ड टूर फाइनल्स पुरुष एकल चैंपियन की चुनौती को पार नहीं कर सके।

महत्वपूर्ण परिणाम में पुरुष एकल में लक्ष्य सेन (भारत) ने केंटा निशिमोटो (जापान) को 21-19, 21-10 से हराया। क्रिस्टो पोपोव (फ्रांस) ने किदांबी श्रीकांत (भारत) को 21-14, 17-21, 21-17 से हराया। जोनाथन क्रिस्टी (इंडोनेशिया) ने युशी तनाका (जापान) को 21-15, 21-19 से हराया। लोह कीन यू (सिंगापुर) ने एचएस प्रणॉय (भारत) को 18-21, 21-19, 21-14 से हराया।कुनलावुत वितिदसार्न (थाईलैंड) ने लू गुआंग जू (चीन) को 21-14, 21-16 से हराया।

कार्नर न्यूज

आंध्र प्रदेश के कडप्पा में किया शानदार प्रदर्शन

# साइकिल पोलो में छत्तीसगढ़ की बेटियों ने फहराया सफलता का परचम, तीनों वर्ग में विजेता का खिताब

**भिलाई।** 22वीं सब जूनियर बालिका 28वीं जूनियर बालिका तथा 26वीं सीनियर महिला राष्ट्रीय साइकिल पोलो में अपने शानदार प्रदर्शन की बदौलत छत्तीसगढ़ की टीम तीनों वर्ग में विजेता का खिताब हासिल किया है। भारतीय साइकिल पोलो महासंघ द्वारा दिनांक 10 से 13 जनवरी तक कडप्पा आंध्र प्रदेश में इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें छत्तीसगढ़ कि बेटियों ने तीनों ही वर्गों की विजेता ट्रॉफी पर कब्जा कर राष्ट्रीय चैंपियन बनकर भिलाई इस्पात संयंत्र तथा संपूर्ण छत्तीसगढ़ को गौरवानवित किया। साइकिल पोलो महासंघ के संयुक्त सचिव विनायक चन्नावार तथा भिलाई इस्पात संयंत्र साइकिल पोलो क्लब के अध्यक्ष परविंदर सिंह ने बताया कि जूनियर बालिका वर्ग के फाइनल मैच में छत्तीसगढ़ की बेटियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तथा एक के बाद लगातार गोल दागते हुए उत्तर प्रदेश को एक तरफा 18 के मुकाबले 1 गोल से परास्त कर 17 गोलों से भारी विजय प्राप्त की। पुनः सीनियर महिला वर्ग के फाइनल मैच में छत्तीसगढ़ ने केरल को 13 के मुकाबले 9 गोलों से परास्त कर राष्ट्रीय विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। सब जूनियर के फाइनल मैच में छत्तीसगढ़ की बेटियों ने कांटे की टक्कर में भारी संघर्ष करके 8 के मुकाबले 7 गोल से विजय प्राप्त कर अपना परचम लहराया। सीनियर वर्ग में संपूर्ण प्रतियोगिता में कुमारी लक्ष्मी निर्मलकर सर्वाधिक15 गोल मारकर सीनियर वर्ग की प्रतियोगिता की सबसे अधिक गोल करने वाली खिलाड़ी बनी। जूनियर वर्ग में कुमारी पूनम देवी सर्वाधिक24 गोल मारकर जूनियर वर्ग की प्रतियोगिता में सबसे अधिक गोल करने वाली खिलाड़ी बनी। तथा सब जूनियर वर्ग में कुमारी धात्री देशमुख सर्वाधिक16 गोल मारकर सब जूनियर वर्ग की प्रतियोगिता में सबसे अधिक गोल करने वाली खिलाड़ी बनी। भारतीय दल के प्रशिक्षक एवं अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी भिलाई छत्तीसगढ़ के एस संतोष राव, (वर्तमान में भारतीय सेना में पदस्थ) तथा देव प्रकाश वर्मा मुख्य प्रशिक्षक छत्तीसगढ़ ने बताया कि छत्तीसगढ़ की बेटियों की यह उपलब्धि शानदार रही है। इस उपलब्धि पर सांसद विजय बघेल मुख्य संरक्षक छत्तीसगढ़ साइकिल पोलो संघ ,नरेंद्र बंछोर चेयरमैन सेफी और प्रेसीडेंट बीएसपी ओए, डॉ रमेश श्रीवास्तव (अध्यक्ष) छत्तीसगढ़ साइकिल पोलो संघ, परविंदर सिंह, अध्यक्ष बीएसपी साइकिल पोलो क्लब, प्रदीप कान्हे (सचिव) सुनील,सुधीर बंसल, सुभाष टहनगुरिया ,प्रतीक मनोध्या, शशांक देशमुख, तथा छत्तीसगढ़ साइकिल पोलो संघ के अन्य पदाधिकारियों ने भी बधाइयां दी है।






## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'एवेंजर्स-डूम्स डे' का नया टीजर रिलीज, सुपरहीरोज आए साथ



'एवेंजर्सः डूम्स डे' के पहले टीजर में 'कैप्टन अमेरिका' की वापसी की ऑफिशियल अनाउंसमेंट हुई। अब जो टीजर रिलीज हो रहे हैं, उसमें मार्वल स्टूडियो के कई सुपरहीरोज की एंट्री भी 'एवेंजर्सः डूम्स डे' में हो रही है। हालिया रिलीज एक टीजर में वकांडा और फैंटास्टिक फोर के सुपरहीरोज की एंट्री हुई। 'एवेंजर्सः डूम्स डे' फिल्म बड़े स्तर पर बनाई जा रही है। एक तरफ इस फिल्म में कैप्टन अमेरिका (क्रिस इवांस) की वापसी हुई है। वहीं मार्वल स्टूडियो के कई सुपरहीरोज इस फिल्म का हिस्सा बन रहे हैं। इस बात को लेकर फैन काफी एक्साइटेड हैं। रिलीज टीजर में वकांडा और फैंटास्टिक फोर के सुपरहीरोज की एंट्री हुई।

'एवेंजर्सः डूम्स डे' का जो टीजर रिलीज हुआ है, उसमें फैंटास्टिक फोर का एक सुपरहीरो, वकांडा के इलाके में पहुंचता है। वहां वकांडा के वासियों से मुलाकात करता है। इसके बाद यह लोग एक टीम की तरह साथ आते हैं। 'एवेंजर्सः डूम्स डे' का एक टीजर पहले भी रिलीज हुआ, जिसमें एक्स मैन फिल्म के जेवियर और मैग्नेटो की भी एंट्री हुई। 'एवेंजर्सः डूम्स डे' को रिलीज होने में अभी समय है। यह फिल्म 18 दिसंबर, 2026 को रिलीज होगी। यह रिलीज डेट भी मेकर्स ने टीजर के साथ शेयर की है। मार्वल फैंस को इस फिल्म का इंतजार है। फिल्म के टीजर को लेकर ही सोशल मीडिया पर अच्छा-खासा क्रेज देखा जा रहा है।

### टॉलीवुड

## बिना इजाजत कमल हासन के नाम और तस्वीरों का इस्तेमाल रोका कोर्ट ने



अभिनेता कमल हासन के नाम और तस्वीरों का इस्तेमाल उनकी अनमुति के बिना नहीं किया जा सकेगा। खासतौर से कमर्शियल मकसद के लिए ऐसा करने वालों को सावधान रहना होगा। मद्रास हाई कोर्ट ने यह रोक लगाई है। एक्टर कमल हासन ने कोर्ट में एक सिविल केस दायर किया था, जिसमें कहा गया था कि चेन्नई की एक फर्म 'नीये विदई' बिना उनकी इजाजत के उनकी फोटो, नाम, टाइटल 'उलगनायगन' और उनके मशहूर डायलॉग का इस्तेमाल करके टी-शर्ट और शर्ट बेच रही है। यह मामला जब जस्टिस सेंथिलकुमार राममूर्ति के सामने आया, तो एक्टर की तरफ से सीनियर वकील सतीश पारसरन और एडवोकेट विजयन सुब्रमण्यम ने पर्सनैलिटी राइट्स की सुरक्षा के लिए दलील दी। उन्होंने किसी भी संस्था को एक्टर की सहमति के बिना उनके नाम, तस्वीर, टाइटल या डायलॉग का इस्तेमाल करने से रोकने की गुजारिश की।

कमल हासन के वकील की तरफ से पेश की गईं इन दलीलों को मानते हुए जज ने कमल हासन के नाम और पहचान के बिना इजाजत के कमर्शियल इस्तेमाल के खिलाफ अंतरिम रोक लगा दी। कोर्ट ने 'नीये विदई' को काउंटर-एफिडेविट दाखिल करने का निर्देश दिया और सुनवाई फरवरी तक के लिए टाल दी। खास बात यह है कि जज ने आदेश में साफ किया कि कार्टून में एक्टर की फोटो के इस्तेमाल पर कोई रोक नहीं है। दरअसल, याचिका में किसी भी बिना इजाजत वाली तीसरी पार्टी को उनके नाम या फोटो का इस्तेमाल करने से रोकने की मांग की गई थी, इसलिए कोर्ट ने वादी को इस न्यायिक आदेश के बारे में तमिल और अंग्रेजी दोनों अखबारों में विज्ञापन प्रकाशित करने का निर्देश दिया।

### भोजपुरी

## 'परिणय सूत्र' के बाल कलाकार में दर्शक देख रहे भविष्य की संभावनाएं

उत्तर प्रदेश की देवभूमि कही जाने वाली जौनपुर के शीतला



चौकिया धाम से लगभग 3 किमी मीटर दूर स्थित ग्राम उत्तरगांव इन दिनों चर्चा में है। यहां का नन्हा बाल कलाकार ढोलू यादव आज भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री में अपनी एक अलग और मजबूत पहचान बना चुका है। कम उम्र में ढोलू ने बड़ी सफलता हासिल की है। हाल ही में ढोलू यादव की धार्मिक फिल्म ".परिणय सूत्र" रिलीज़ हुई है, जिसे दर्शकों का भरपूर प्यार मिल रहा है। फिल्म की कहानी, संदेश और ढोलू यादव का प्रभावशाली अभिनय लोगों के दिलों को छू रहा है। इस फिल्म के निर्देशक भोजपुरी इंडस्ट्री के जाने-माने नाम मंजुल ठाकुर हैं, जिनके निर्देशन में ढोलू यादव का अभिनय और भी निखर कर सामने आया है।

ढोलू यादव ने कम उम्र में ही दशकों के बीच अपनी खास पहचान बना ली है। आने वाले समय में भोजपुरी सिनेमा में उनकी दमदार मौजूदगी की संभावनाएं हैं।

## ट्रांसफॉर्मेटिव टील का जादू

कलर इंस्टीट्यूट डब्ल्यूजीएसएन और कलरो ने 'ट्रांसफॉर्मेटिव टील' को साल 2026 का कलर ऑफ द ईयर घोषित किया है। इन दोनों के अनुसार, ट्रांसफॉर्मेटिव टील नीले और हरे रंग का एक फ्लूइड फ्यूजन है, जो प्रकृति की विविधता और पृथ्वी-केंद्रित सोच को दिखाता है, और जलवायु संकट को देखते हुए इकोलॉजिकल जिम्मेदारी की बढ़ती मांग के साथ मेल खाता है। इस नीले-हरे रंग को शांत करने वाला और सुकून देने वाला बताया गया है, जिसमें बदलने वाला और नया जीवन देने वाला गुण है।




## वैक्सिंग से पहले पुरुष जरूर ध्यान दें इन टिप्स पर

वैक्स करवाने से पहले अपनी स्किन को इसके लिए तैयार करें और यह पुरुषों और महिलाओं दोनों पर लागू होता है। आपकी स्किन को एक्सफोलिएट करने से आपकी स्किन की सतह से डेड स्किन सेल्स और अतिरिक्त तेल को हटाने में मदद मिलती है, जिससे त्वचा मुलायम और चिकनी हो जाती है। आप जिस पार्ट में वैक्स कराना चाहते हैं, उस पार्ट को एक्सफोलिएट करने के लिए आप बाजार से खरीदे गए या नैचुरल स्क्रब का उपयोग कर सकते हैं। वैक्सिंग सेशन से कम से कम दो दिन पहले यह काम सुनिश्चित कर लें। यह आपकी त्वचा को कुछ घंटों के लिए थोड़ा संवेदनशील बना सकता है। लूफैण का उपयोग करने से भी स्किन को वैक्सिंग के लिए तैयार करने में मदद मिल सकती है। यदि आपकी स्किन बेहद संवेदनशील है, तो बालों को हटाने के लिए वैक्सिंग सबसे अच्छा तरीका नहीं है। वैक्सिंग शरीर के बालों को हटाने का एक रफ तरीका हो सकता है, इसलिए अगर आपकी स्किन संवेदनशील है, तो दो बार सोचें। रिएक्टिव स्किन पर वैक्सिंग करवाने से आपकी त्वचा पर लाल धब्बे या अन्य लक्षण हो सकते हैं। वैक्स करवाने का निर्णय लेने से पहले आप अपने स्किन एक्सपर्ट से बात कर सकते हैं। आइस या कोल्ड पैक वैक्सिंग के दौरान दर्द को कम कर सकते हैं। वैक्सिंग के दौरान बर्फ, स्ट्रिपिंग से पहले आपकी स्किन को ठंडा और सूथिंग करने में मदद करती है। यह आपकी त्वचा पर लाल चकतों, खुजली और जलन को रोकने में भी मदद करेगा। एलोवेरा जेल भी इस काम को पूरा कर सकता है।

हम सब जानते हैं कि हेयर कलर करने से पहले उसके परिणामों को देखने या किसी भी रिएक्शन से बचने के लिए कलर को बालों के एक



पैच पर लगाया जाता है। इसी तरह, आप अपनी स्किन पर वैक्सिंग का परीक्षण भी कर सकते हैं। सही वैक्स चुनें और देखें कि आपकी स्किन इस पर कैसी प्रतिक्रिया होती है। फुल बॉडी वैक्स करवाने से पहले, अपनी त्वचा के एक छोटे से हिस्से पर टेस्ट करें। अगर कोई एलर्जी है, तो बालों को हटाने के इस तरीके से बचें और दूसरा विकल्प चुनें।

अपनी बॉडी पर किसी भी प्रकार का वैक्स का उपयोग न करें। एक हाई क्वालिटी वाला वैक्स चुनें। वैक्स के कई अलग-अलग प्रकार होते हैं। आप सुनिश्चित करें कि आपने सही वैक्स चुना है। यह इस बात पर भी निर्भर करता है कि आप कितने बालों वाले हैं। उदाहरण के लिए, पतले बालों के लिए माइल्ड वैक्स की आवश्यकता होती है, जबकि मोटे बालों वाले लोगों को स्ट्रांग वैक्स की आवश्यकता होती है।

## मेडिफेशियल चमकाएगा आपकी स्किन, ऐसे अपनाएं



मेडी फेशियल में एडवांस लेजर, लाइट डिवाइस, एक्सफोलिएशन तकनीक और वॉटर जेट का प्रयोग किया जाता है। इससे डेड स्किन सेल्स आसानी से साफ होते हैं और चेहरे पर चमक आती है। खास बात यह कि मेडी फेशियल को विशेषज्ञ की निगरानी में किया जाता है और त्वचा की समस्या को देखकर उसके मुताबिक इसमें उपचार पद्धति अपनाई जाती है। बेहतर स्किन केयर के साथ इसको अपनाया जाए तो इस के बेहतर नतीजे हासिल होते हैं।

### आम फेशियल से कितना अलग



सैलून के सामान्य फेशियल में आमतौर पर स्टीम और ब्लीच का प्रयोग किया जाता है। ऐसे में त्वचा को हानि पहुंचने की आशंका बनी रहती है। इससे स्किन बैरियर भी डैमेज हो सकते हैं, साथ ही जिन क्रीम से स्किन की मसाज की जाती है, वे भी पोर्स के ब्लॉक होने का कारण बन सकती हैं। सैलून फेशियल कुछ समय तक ही टिक पाता है।

### साइड इफेक्ट नहीं



मेडी फेशियल में स्टीम और ब्लीच जैसी हार्ड क्रीम का उपयोग नहीं किया जाता, बल्कि ऐसी तकनीक प्रयोग में लाई जाती है, जो त्वचा के लिए किसी भी रूप में हानिकारक न हो। यह स्किन टोन और टेक्सचर को इंप्रूव करने में मदद करता है और तुरंत ब्राइट स्किन देता है। इससे एक्ने, फाइन लाइंस और पिगमेंटेशन जैसी समस्याएं भी दूर की जाती हैं, साथ ही त्वचा संबंधी स्थायी समस्याओं को भी दूर किया जा सकता है।

### उपचार पद्धति

मेडी फेशियल में लेजर फेशियल भी शामिल है, जो काफी एडवांस तकनीक है। स्टेम सेल फेशियल भी मेडी फेशियल का ही हिस्सा है। यह फेशियल फाइन लाइंस और झुर्रियों से बचने के लिए किया जाता है, जिससे त्वचा अधिक साफ हो जाती है।

### कई समस्याओं में कारगर

मेडी फेशियल ड्राई और लूज स्किन जैसी कई समस्याओं के उपचार में कारगर है। इसे कराने से त्वचा जवान, चमकदार, मुलायम और कोमल हो जाती है। यह तनाव कम करने में भी सहायक है। त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. अमित कुमार मीना कहती हैं, मेडी फेशियल त्वचा रोग विशेषज्ञ की देखरेख में किया जाना चाहिए।

## रूटीन में शामिल करें खुबानी का तेल, मिलेंगे बड़े फायदे



स्किन केयर रूटीन में तेल का इस्तेमाल करना बेहद आम है। अमूमन हम कई तरह के तेलों को अपने स्किन केयर रूटीन का हिस्सा बनाते हैं। लेकिन अगर आप एक लाइट ऑयल की मदद से अपनी स्किन की देखभाल करना चाहती हैं तो ऐसे में खुबानी के तेल को इस्तेमाल किया जा सकता है। सबसे पहले अपना चेहरा धो लो। अब अपने खुबानी के तेल की 2-3 बूंदों को स्किन पर लगाएं और सर्कुलर मोशन में मसाज करें। इसे रात भर के लिए छोड़ दें। आप हर दिन इसे रात को सोने से पहले लगाएं। स्किन की केयर करने के लिए बाजार से फेस सीरम लाने की जरूरत नहीं है। आप खुबानी के तेल को बतौर फेस सीरम अप्लाई करें।

फेस सीरम बनाने के लिए सबसे पहले खुबानी का तेल व लैवेंडर ऑयल मिक्स करें। अब इसे अपनी स्किन प्रॉब्लम्स जैसे फाइन लाइन्स, अनइवन स्किन टोन आदि को दूर करने के लिए फेस पर लगाएं। हल्के हाथों से स्किन की मसाज करें। अपनी स्किन को पैम्पर करने के लिए आप खुबानी के तेल की मदद से फेस मास्क बना सकती हैं।

## किसी भी मौके पर रीक्रिएट कर सकती हैं सेलेब्रिटीज के ये व्हाइट साड़ी लुक्स

साड़ी को स्टाइल करने के लिए आपको केवल लेटेस्ट फैशन ट्रेंड ही नहीं, बल्कि इसके कलर कॉम्बिनेशन का भी खास ख्याल रखना बेहद जरूरी होता है। इसके लिए आप सेलेब्स के लुक्स देखें। साड़ी का चलन एवरग्रीन फैशन ट्रेंड में रहता है और इसे स्टाइलिश लुक देने के कई तरीके भी होते हैं। वहीं बदलते दौर में आजकल किसी भी लुक को खास बनाने के लिए इसकी स्टाइलिंग काफी सोच-समझकर करनी चाहिए ताकि आप तैयार होने के बाद खूबसूरत नजर आए। आजकल सेलिब्रिटीज व्हाइट कलर की साड़ी लुक्स को काफी पसंद कर रहे हैं। तो चलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं व्हाइट कलर के साड़ी के कुछ खास सेलिब्रिटीज लुक्स जिन्हें आप भी कर सकती हैं आसानी से रीक्रिएट। साथ ही बताएंगे इन्हें स्टाइल करने के आसान टिप्स।

### व्हाइट साटन साड़ी डिजाइन

साटन साड़ी ग्लैमरस लुक देने में मदद करती है। इस तरह की साड़ी प्लेन साड़ी में आप सिल्वर कलर की बॉर्डर की तरह लेस भी लगवा सकती हैं। इस खूबसूरत साड़ी को डिजाइनर मनीष मल्होत्रा द्वारा डिजाइन किया गया है।



### हैंडलूम व्हाइट साड़ी

ट्रेडिशनल वाइब देती यह साड़ी डिजाइनर मनीष मल्होत्रा द्वारा डिजाइन की गई है। गोल्डन कलर के बॉर्डर वर्क और पेस्टल कलर कॉम्बिनेशन के डिजाइन वाली यह साड़ी आपके लुक को खास बनाने में मदद करेगी। इस तरह की साड़ी के साथ आप शैम्पेन गोल्डन कलर की ज्वेलरी को स्टाइल कर सकती हैं।

### कार्नर न्यूज

### आपकी गलतियों से लोगों को मौका मिल सकता है नुक्स निकालने का

## मेंस फैशन में आज सर चढ़ कर बोल रहा ज्वेलरी का शौक, तारीफ चाहिए लोगों की तो न करें ऐसी गलतियां

आप ज्वेलरी कम ही पहनते हैं। कभी चेन या फिर अंगूठी। लेकिन कई पुरुष ऐसे हैं जो अब ज्वेलरी पहनना पसंद करते हैं। उन्हें कान में इयररिंग भी चाहिए और हाथ में ब्रेसलेट भी। लेकिन जब भी ज्वेलरी पहनने का मन करे तो कुछ बातें याद रखिएगा। ये वो बातें हैं जो खूब सारी ज्वेलरी में भी आपका मेस्क्युलिन लुक मेनटेन रखेंगी। बस जब भी ज्वेलरी में लुक को परफेक्ट नंबर चाहिए हों तो इन्हें न भूलिए।

आपको भी ज्वेलरी पहनना पसंद है? लेकिन लोग क्या कहेंगे? सोचते रहते हैं तो आप गलत कर रहे हैं। आपको बस कुछ टिप्स याद रखने हैं फिर आप आसानी से ज्वेलरी वाला लुक अपना सकते हैं।

ज्यादातर भारतीयों का आज भी यही मानना है कि पुरुष ज्वेलरी नहीं पहनते हैं। जबकि अब वो समय है जब फैशन के नियम भी लोग खुद बना रहे हैं।

ऐसे में पुरुष ज्वेलरी नहीं पहनते हैं सोच कर ये प्लान न ड्रॉप कीजिए बल्कि मन के हिसाब से ज्वेलरी पहनिए लेकिन पूरे आत्मविश्वास के



साथ। ये आत्मविश्वास पाने का एक तरीका ये भी है कि आप स्टोर पर जाकर ज्वेलरी ट्राई करें। पहनकर खुद को देखें और अपनी पार्टनर से भी व्यू लें। इस तरह से ज्वेलरी पहनने का आत्मविश्वास आ जाएगा। बस शुरू में ज्वेलरी लुक को बिलकुल सिंपल रखें। आपको ये पता होना चाहिए कि कितनी ज्वेलरी को ज्यादा ज्वेलरी कहा जाएगा। इसलिए ज्वेलरी उतनी पहनिए, जितनी 'ज्यादा हो गया' वाले मामले में न आती हो। क्योंकि याद रखिए कि ज्वेलरी भले ही आप सबसे आखिर में पहनते हैं लेकिन ये वो सबसे पहली चीज होती है जिस पर निगाहें जाती हैं।

इसलिए इतनी भी न पहन लीजिए कि लोग ज्वेलरी से ही नजर न हटा पाएं फिर आपके बाकी लुक का क्या होगा। हर चीज बैलेंस ही अच्छी लगती है, ये बात तो सब समझते हैं लेकिन हर काम को बैलेंस करना आसान नहीं होता है। मगर ज्वेलरी और लुक को आसानी से बैलेंस किया जा सकता है। आपको अपने पूरे लुक के हिसाब से ज्वेलरी पहननी होगी। ऐसा न हो कि आप सिर्फ गले पर ही खूब सारी चेन पहन लें। इस तरह से लुक बैलेंस नहीं होगा।

इसके अलावा अगर आपको छोटे डायल की घड़ियां पसंद हैं तो दूसरे हाथ में बिलकुल भारी ब्रेसलेट कभी भी न पहनें। आपकी स्किन टोन कैसी है? बेस्ट लुक के लिए ज्वेलरी इसके हिसाब से भी चुनी जा सकती है। दरअसल हमारी स्किन किसी खास कपड़ों और मेटल में ही ज्यादा अच्छी लगती है। इसके लिए आपको तरह-तरह के मेटल ट्राई करने होंगे। ज्वेलरी चुनने के लिए आप ये तरीका अपना सकते हैं।ज्यादातर बार पुरुष इसलिए भी ज्वेलरी पहनने का शौक पूरा नहीं करते हैं क्योंकि उन्हें लगता है कि ये महिलाओं के लिए ही होती हैं।

जबकि ज्वेलरी पर सिर्फ महिलाओं का अधिकार बिलकुल नहीं है। ज्वेलरी का सही तरीके से चुनाव आपको खराब बिलकुल नहीं लगने देगा। याद रखिए ज्वेलरी जहां आउटफिट और स्किन टोन को ध्यान में रखकर पहनी जाती है, वहीं इसको पहनने के लिए बॉडी टाइप का भी ध्यान रखना होता है।

